प्राचीन मंत्र-यंत्र विज्ञान

तांत्रोक्त नरकेशरी शक्ति दीक्षा

पौराणिक गाथाओं की कथात्मक शैली में क्या तथ्य छुपे होते हैं अथवा क्या वे केवल विशिष्ट घटनाओं का कथात्मक विस्तार भर होती हैं, यह तो पृथक विवेचना और चिंतन की बात हैं, किंतु जैसा कि प्रारम्भ में कहा, कि प्रत्येक अवतरण स्वयं में एक संदेश भी निहित रखता है, उसी क्रम में चिंतन करने पर स्वतः ही स्पष्ट हो जाता हैं, कि **भगवान श्री विष्णु** के इस विशिष्ट अवतरण **(नृसिंह अवतरण)** का भी एक गूढ़ संदेश है, और संदेश है- **'नृ'** अर्थात् **नर** या **मनुष्य**, **'सिंह'** अर्थात् **पराक्रमी** बनने का संदेश।

वास्तव में जीवन तो उसका कहा जा सकता है, जो अपने जीवन के **लक्ष्यों** को **सिंह** की भांति **झपट** कर प्राप्त करने की **क्षमता से युक्त हो**। **ऋषियों** ने भी **पुरूष** की इसी **'सिंहवत्'** रूप में कल्पना की थी। 'सिंहवत्' बनना केवल **शौर्य प्रदर्शन** की ही एक घटना नहीं होती वरन् सिंहवत् बनना इस कारण से भी आवश्यक हैं, कि केवल इसी प्रकार का स्वरूप ग्रहण करके ही **जीवन की गति** को सुनिर्धारित किया जा सकता हैं, अन्यथा एक-एक आवश्यकता के लिए वर्षों वर्ष घिसट कर उसे प्राप्त करने में जीवन का **सारा सौन्दर्य, सारा उत्साह समाप्त** हो जाता हैं।

भगवान विष्णु ने तो एक ही **हिरण्यकश्यप** को समाप्त करने के लिए **नृसिंह स्वरूप** में, पौराणिक गाथाओं के अनुसार **अवतरण** लिया था, किंतु **मनुष्य के जीवन** में तो प्रतिदिन **नूतन राक्षस** आते रहते हैं, जो **हिरण्यकश्यप की ही भांति** अस्पष्ट होते हैं, यह अस्पष्ट ही होता है कि उनका **समापन** कैसे संभव हो, उनसे मुक्ति पाने का क्या उपाय हो सकता है? और यह भी सत्य है, कि यदि जीवन में **अभाव, तनाव, पीड़ा (शारीरिक, मानसिक अथवा दोनों), दारिद्रय** जैसे **राक्षसों** से एक-एक करके निपटने का चिंतन किया जाये, तो मनुष्य की आधी से अधिक क्षमता तो इसी विचार-विमर्श में निकल जाती है, शेष जो आधी बचती है, वह किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देती। साथ ही जीवन के ऐसे **राक्षसों** से तो केवल सामान्य प्रयास से ही नहीं वरन् ऐसे क्षमता युक्त प्रयास से जूझना आवश्यक होता है, जो साक्षात् **नरकेशरी** की ही क्षमता हो। तभी जीवन में कुछ ऐसा घटित हो सकता है, जिस पर **गर्वित** हुआ जा सकता है।

सामान्यतः **साधना** का क्षेत्र अत्यन्त दुष्कर प्रतीत होता है, क्योंकि **साधना जीवन की वास्तविकताओं** को यथावत् प्रस्तुतिकरण व विवेचन कर देती है। उसमें भक्ति जगत की भांति **दिवास्वप्नों** की मधुर लहर नहीं होती, किंतु अन्तोगत्वा **व्यक्ति का हित** दीक्षा से ही साधित होता है, क्योंकि दीक्षा जीवन की **कटु वास्तविकताओं** का यथावत् वर्णन करने के साथ-साथ उससे मुक्त होने का उपाय भी वर्णित करती चलती है। वस्तु स्थितियों का विवेचन इस कारणवश आवश्यक होता है, जिससे साधक के मन में एक सुस्पष्ट धारणा बन सके, कि अन्ततोगत्वा उसकी समस्या क्या हैं किस प्रकार से **मुक्ति प्राप्त** की जा सकती हैं? यहां **नृसिंहावतार** की संक्षिप्त व्याख्या केवल वर्णन-विवेचन ही नहीं, वरन् वह उपाय भी प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके माध्यम से कोई भी **साधक** अपने जीवन को संवारता हुआ, अपने जीवन की उन **समस्याओं** पर झपट्टा मार सकता है, जो नित्य नये स्वरूप में आती रहती है। यह भी जीवन का एक **कटु सत्य** हैं, कि जब तक जीवन रहेगा तब तक ये **समस्याये** आती रहेगी। जिनके मन में सर्वोच्च बनने का भाव हिलोरे ले रहा होता है, वे अवश्य ऐसी **दीक्षा** प्राप्त कर अपने जीवन को एक **नया ओज** व **क्षमता** दे सकते है।

दीक्षा ही वह **उपाय** है जिसके माध्यम से मनुष्य अपने जीवन की **विषम स्थितियों** और **समस्याओं** से निजात पा सकता है।

तांत्रोक्त नरकेशरी दीक्षा न्यौछावर ₹1800

दीक्षा हेतु नूतन फोटो व न्यौछावर राशि कैलाश सिद्धाश्रम जोधपुर राज. 9950809666 भेजें

न्यौछावर राशि Vineet Shrimali State Bank Of India UIT Branch Jodhpur

A/c No.: 40310531623 IFSC Code:SBIN0006490

नई दिल्ली E-1077 सरस्वती विहार,पीतमपुरा Mob. +91-90138-59760 / +91-87507-57042

सद्गुरूदेव जी के साधनात्मक कार्यक्रम GurudevKailash YouTube KAILASH SIDDHASHRAM पर देखे।

PMYV

अपनो से अपनी बात...!

सूर्य ब्रह्माण्ड की रचना से साक्षात देवता है क्योंकि हम इनके प्रत्यक्ष दर्शन करते है, सूर्य के समक्ष कई युग बीते-साथ ही सूर्य को नवग्रहों में प्रथम ग्रह माना गया है, सूर्योदय से हम अपने दिन कर्म प्रकाश का आरम्भ करते है। सूर्य की उपासना व आराधना समस्त ऋषि, मुनि ने तो बतलाई है साथ ही सूर्य का वैद्यक-चिकित्सक मे भी महत्त्व है, सूर्य के **अभाव** में हमारा जीवन मृत्यु तुल्य हो जायेगा। हमे नित्य कई **विषमताओं, रोगों** को भोगना होगा, सूर्य के बिना हमारा शारीरिक व मानसिक विकास संभव नहीं है। पोष माह इस वर्ष 20 दिसम्बर से प्रारम्भ होकर 17 जनवरी तक है, जिसमें कई साधनात्मक शिविर व दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

इन साधनात्मक कार्यक्रमों में साधकों को दस महाविद्याओं में से भुवनेश्वरी साधना, शुभ-लाभ कुबेर शक्ति साधना, विनायक चतुर्थी रिद्धि-सिद्धि शुभ लाभ साधना साथ ही विशिष्ट सूर्य तेजस्विता शक्ति साधना का आयोजन होगा, जिसे साधक गुरूदेव द्वारा निर्देशित साधना मंत्र जप, हवन सामग्री, गुटिका, जीवट व माला के माध्यम से सम्पन्न कर सकेंगे। गुरूदेव शिविर में साधकों को अपने समक्ष मंत्र जप करवाने के उपरान्त शक्तिपात की क्रिया से आत्मसात करेंगे।

इस संसार में प्रत्येक मानव की जीवन में कोई न कोई इच्छा-आवश्यकता है- चाहे वह भोजन की हो, धन की हो, प्रसिद्धि की हो, ज्ञान की हो, रूतबे की हो- इस संसार में हर समय हर व्यक्ति की कोई न कोई चाह-आवश्यकता होती है, लेकिन सभी की कामनाओं की पूर्ति नहीं होती-पूर्ण सिर्फ उन्हीं की होती है जो सद्भाव से-सद्मार्ग पर गुरू आज्ञा व गुरू द्वारा बतलाए मार्ग पर चले है। इस सूर्य के पौष माह में आप भी अपनी इच्छाओं को इन साधनाओं के द्वारा पूर्ण कर सकते है-अपने व अपने प्रियजनों की मनोकामनाओं की पूर्णता कर सकते है जिससे अपने जीवन से नकारात्मक परिस्थितियों को दूर कर जीवन को हर्षमय बना सकेंगे।

आपका अपना
विनीत श्रीमाली

उपनिषाद वाणी

विद्यातत्त्वं शैवतत्त्वं पायाछ्रीभगमालिनी।
सायुज्ये नियतां प्रज्ञां श्रीपीठं श्रीकरं मम्॥

साधक शांत भी हो सकते हैं, लेकिन शांत होना उसका ऊपरी मन होता है। अन्तर मन में अशांति छिपी रहती है। संसार को छोड़ कर भागता हुआ आदमी आपसे नहीं भाग रहा है, अपने भीतर छिपी हुई अशांति से भाग रहा है। आपसे तो इसलिये भाग रहा है कि आपसे डर लगता है कि आप कहीं भीतर की पर्त को उखाड़ न दें।

वास्तव में जिंदगी को दो हिस्सों में बांट दिया। एक को हमने चुन लिया और दूसरे को हमने चुना नहीं और वे दोनों संयुक्त हैं। जिसको हमने नहीं चुना वह जायेगा कहां? वह हमारे साथ रहेगा। फिर हमें डर लगेगा। चाहे हम लोगों के साथ हो, परिवार के साथ हो, दुकान पर हो, बाजार में हो। आपकी **भाव-दशा** में निर्भर करता है। **दु:ख-दु:ख** है, क्योंकि आप दु:ख को नहीं चाहते और सुख को चाहते हैं- इसलिये दु:ख है। दु:ख इसलिये है कि उसके विपरीत को चाहते हैं। नहीं तो क्या दु:ख है? विपरीत में ही छिपा है दु:ख। अशांति क्या है? क्योंकि आप शांति को चाहते हैं, इसलिये **अशांति** है। हमारे चुनाव में हमारा संसार है।

जो चुनाव रहित और निर्विकल्प हो जाता है, उसे **आत्मा** का दर्शन होता है। क्योंकि जो सुख-दु:ख, प्रेम, घृणा, संसार, परमात्मा को बाहर चुनाव नहीं करता, जो बाहर चुनता ही नहीं, जिसके सब चुनाव क्षीण हो जाते हैं, वह तत्काल ही अन्दर पहुँचने की क्रिया प्राप्त कर लेता है।

अपने अन्दर **सद्गुण** जो **अच्छाइयाँ** और **सद्प्रवृत्तियाँ** दिखाई दें, उन्हें निरन्तर विकसित करते रहे। जो मिले उन पर प्रसन्न होना चाहिये और उन्हें बढ़ाने के प्रयास करने चाहिये। गुणों को विकास करने में प्रयत्नशील हों तो निसंदेह ही आप **सम्मान** प्राप्त करेंगे। **गुण, कर्म, स्वभाव** में आवश्यक सुधार किये बिना प्रगति नहीं हो सकती है। **दुर्व्यवहार** का कुफल **दु:ख** और **बैचेनी** है, फिर वह चाहे अपने साथ हो या दूसरे के साथ।

जब शरीर की व्यर्थता दिखाई पड़े, शरीर का असर न होना दिखाई पड़े और शरीर केवल एक गंदगी का ढ़ेर मालूम होने लगे और जब

PMYV

शरीर से दूरी बढ़ने लगे- तभी **परमात्मा से निकटता** होनी शुरू होती है। प्रत्येक इंद्रियों का अलग-अलग काम है और अलग-अलग आयाम है। आंख देखती है, कान सुनते हैं परन्तु कान देख नहीं सकते और आंख सुन नहीं सकती है। हाथ छूते है और नाक गंध-सुगंध देती है। नाक छू नहीं सकता, हाथ गंध नहीं दे सकते। हर **इंद्रिय स्पेशलाइज्ड** है, उसका एक विशेष काम है। उसे इन सभी इंद्रियों को एकाग्र करना सीखने की क्रिया ही ध्यान में गहरे जाना है। हम शरीर के जितने निकट होते हैं परमात्मा से उतने ही दूर होते हैं। लेकिन यदि व्यक्ति शरीर से दूर होने की क्रिया प्रारम्भ करता है तो परमात्मा के उतने ही निकट होने लगता है। शरीर से जितने जोर से हम बंधे हैं, उतने ही उस **चैतन्यता** से हमारी दूरी है।

जब कोई व्यक्ति अपने **शरीर** से **विमुख** होता है तो उसे **आत्मा का अनुभव** होता है। इस शब्द को ठीक से समझ लें। जब कोई व्यक्ति अपने शरीर से विमुख होता है तो उसके आंखों में पहली दफे जो झलक आती है, वह अपनी **ज्योति** की है, आत्मा की है और जब कोई व्यक्ति सारे जगत के **ब्रह्माण्ड** शरीर से भी विमुक्त हो जाता है, तब उसे जो अनुभव होता है, वह **ब्रह्म-ज्योति** का है। आत्मा और परमात्मा में इतना ही फर्क है। **आत्मा का मतलब है, आपको छोटी सी ज्योति का अनुभव हुआ। परमात्मा का अर्थ है, जब आप महा सूर्य के समक्ष खड़े हो गये। अपने शरीर से छूट कर आत्मा का अनुभव होता है और ब्रह्माण्ड से छूट कर परमात्मा का अनुभव होता है।** पर दोनों में मात्रा का ही फर्क है। इसलिये जो आत्मा तक पहुंच गया, उसे कोई अड़चन नहीं है, उसे कोई बाधा नहीं है, वह दूसरी छलांग भी आसानी से ले सकता है।

व्यक्ति इस तरह जीता है, जैसे शरीर ही उसका सब कुछ हो! देह के साथ रहने का जो व्यक्ति का मन है, वह शरीर के संबंध में हमारी **अज्ञानता** के कारण ही है। व्यक्ति को पता ही नहीं कि शरीर क्या है। यदि शरीर को अन्दर से देखे तो चमड़ी के अन्दर जो हड्डी, मांस, मज्जा, मल, मूत्र छिपा है, यदि पूरा का पूरा दिख जाये, जिससे हमें इतना गहरा **राग (प्रेम)** बना हुआ है वह समाप्त हो जायेगा और देह की प्राप्ति का मूल मंत्र ज्ञात हो जायेगा। व्यक्ति शरीर को केवल दर्पण में देखकर जानता हैं लेकिन दर्पण में जो दिखाई देता है, वह हमारे शरीर का बाह्य आवरण है। व्यक्ति को अपने शरीर की पूरी स्थिति पता चल जायेगी तो व्यक्ति और शरीर के बीच में फासला हो जायेगा, जो जुड़ाव, लगाव बना हआ है वो खत्म हो जायेगा। तब देह की ठीक-ठीक स्थिति **मस्तिष्क** में आने लगेगी तो देह से दूरी स्वत: ही प्रारम्भ होनी शुरू हो जायेगी। जैसे किसी महल की बाहरी दीवारों को देख ले और समझे की यही महल है, उसी प्रकार व्यक्ति अपने शरीर को भी बाहर से देखता है। बाहर से जो दिखाई देता है, वह ढ़का हुआ, **आवृत रूप** है शरीर नहीं।

संसार में कोई किसी को उतना परेशान नहीं करता, जितना कि मनुष्य के अपने **दुर्गुण** और **दुर्भावनायें**। दुगुर्ण रूपी शत्रु मनुष्य के पीछे लगे रहते हैं, वे हर समय उसे बेचैन रखते हैं। सुखी जीवन की आकांक्षा सभी को होती है, पर सुखी जीवन तभी संभव हो पाता है जब हमारा दृष्टिकोण व विचारों, भावों की **त्रुटियों** को समझें और उन्हें सुधारने का प्रयत्न करें। अल्प साधन और परिस्थितियों में भी **शांति** और **संतोष** को कायम रख सकता है। **सद्गुणों के विकास** का उचित मार्ग है कि विशेष रूप से विचार किया जाये, **आध्यात्मिक ग्रंथ पढ़े, प्रवचन सुनें, अच्छे शब्दों का प्रयोग करें और अच्छा ही सोंचे** साथ ही क्रियान्वित करने की निरन्तरता रखें, जो सद्गुणों को बढ़ाने में **सहायक** हों।

अशांति हमारा स्वभाव बन गई है और **स्वाभाविक** है कि शांत होने का एक ही अर्थ है जब गंगा सागर में गिरती है, उन दोनों के बीच जो घटना घटती है, उसका नाम है शांति। जब आपकी सरिता भी सागर में गिरती है, तब जो घटना घटती है उस मिलन के क्षण में उसका नाम है **शांति**। हमारी आत्मा में कोई चीज प्रवेश नहीं करती है मन में सब चीजें प्रवेश करती हैं और जब तक हम मन को हटाने की क्रिया सिख नहीं लेते, तब तक ज्ञात नहीं होगा कि सब कुछ **आरोपित** है। मैं ही **ब्रह्म** हूं, चैतन्य हूं ये शरीर नहीं। लेकिन वातावरण के **अभावों** से ज्ञात यही रहता है कि मैं शरीर हूं, क्योंकि मन में चित्र बना हुआ है कि मैं शरीर हूं। वही चित्र आत्मा में झलकता है। मन में **काम, क्रोध, मोह, लोभ** सब है और सारे चित्र भीतर झलकते है और इतने अनंत काल से झलकते आ रहे थे, कि स्वाभाविक है यह भ्रांति हो जाने कि वह झलक नहीं है, मेरा स्वभाव है।

ध्यान रहे, शरीर तो आपका हर जन्म में मिट जाता है। लेकिन मन? मन नहीं मिटता, मन आपका एक जन्म से दूसरे जन्म में चला जाता है। जब आप मरते हैं तो शरीर छूटता है, मन नहीं छूटता। मन तो तब छूटता है, जब आप मुक्त होते हैं। केवल **समाधि** में ही **सामर्थ्य** है मन को भी मिटा देने का। इसलिये जो जानते हैं, उन्होंने समाधि को **महामृत्यु** कहा है। क्योंकि मृत्यु में केवल शरीर मरता है और समाधि में शरीर और मन दोनों मर जाते हैं और शेष रह जाता है केवल वही जो मर ही नहीं सकता, जो **अमृत** है, जिसकी कोई मृत्यु नहीं हो सकती।

आशीर्वाद के साथ
कैलाश श्रीमाली

माताजी जन्मोत्सव

**शिव प्रिये शिव प्रदे कैलाश प्रिय वल्लभे।
शिवेन्द्रादि स्तुते देवी शिवानी त्वां नमाम्यहम्।।
वन्दनीय माता जी**

HAPPY BIRTHDAY MATA JI

प्रेम, करूणा, वात्सल्य और ममता को यदि कोई स्वरूप दिया जाये, तो वह मातृत्त्व शक्तिमयी वंदनीय माता जी हैं। जो माता के रूप में जगदात्री, जगतजननी की ही प्रत्यक्ष अवतार हैं। भारतीय शास्त्रों में संसार में माँ को साक्षात् आद्या शक्ति का स्वरूप माना गया है। क्योंकि आद्या शक्ति गौरी से ही मातृत्व शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ है। वंदनीय माता जी तो साक्षात भगवती गौरी के स्वरूप में शिव रूपी परमपूज्य सद्गुरूदेव के साथ अपने शिष्य पुत्रों पर वात्सल्यमय ममता की वर्षा करती रहती हैं। जो समरूप से सभी शिष्यों के लिये प्रवाहित होता रहता है।

हे करूणेश्वरी! आपका किस रूप में वर्णन करूं, जिस मातृ शक्ति का वर्णन स्वयं त्रिदेव न कर सके, ऐसे वात्सल्यपूर्ण प्रेम के वर्णन की मुझमें सामर्थ्य कहां?

हे जगत् जननी! संसार की ज्वाला को अपने आंचल से ढ़ककर अपने पुत्रों की हर स्वरूप में रक्षा करने वाली, ममता का पाठ पढ़ाकर सेवाभाव प्रफुल्लित कर देने वाली एकमात्र मातृत्व शक्ति आप ही में समाहित है। हे माँ! प्रकृति की आदि शक्ति को समेटे हुये जिस प्रकार आप सामान्य सी गृहिणी के स्वरूप को देखकर भ्रमित होना स्वाभाविक है, पर जो शिष्य निर्मल,

श्रेष्ठ भाव से अबोध शिशु की तरह आपके पास आते हैं, वे आपके **गौरीमय** स्वरूप का दर्शन कर **धन्य** हो जाते हैं, क्योंकि आपने इसी स्वरूप में अपने सम्पूर्ण जीवन को अपने प्राणप्रिय **शिष्य, पुत्रों,** अपने **बेटों** के जीवन निर्माण के लिये जीवन का अत्यधिक क्षण **परम पूज्य सद्गुरूदेव** के विरह में व्यतीत कर दिया। हम सभी शिष्यों के जीवन की सभी **बाधाओं, दु:खों** का समाधान हो सके इसके लिये आप हमेशा शक्ति स्वरूप में **सद्गुरूदेव कैलाश जी** की सहयोगी के रूप में सदैव उपस्थित रहीं। सद्गुरूदेव जी के साहचर्य, प्रेम को त्याग कर सभी शिष्यों को उनके सानिध्य और साहचर्य प्राप्त करने का अवसर आपके **करूणामय वात्सल्य** का परिचय है।

हे सिद्धाश्रमवासिनी! आप सिद्धाश्रम के पावनतम पवित्र, निश्छल प्रेम, वहां के **सुशोभित वातावरण** को त्याग कर हम सभी शिष्य-शिष्याओं के कल्याण हेतु इस धरा पर अवतरित हुईं, यह हम सभी का सौभाग्य है कि आपका **स्नेह, प्रेम** एक बार पुन: इस जीवन में प्राप्त हुआ और हम सबकी यह इच्छा है कि आप सदैव हम पर ऐसे ही **वात्सल्यमय ममता** की वर्षा करती रहें, जिससे हमारा जीवन आपके ममतामयी प्रकाश से हमेशा के लिये **दैदीप्यमान** हो सके।

माँ! आपका **जन्मोत्सव** हम सब **शिष्यों** के लिये पूर्ण रूप में **ममत्व चेतना** से सराबोर होने का दिवस है, यही वह दिवस है, जब हम आपके चरणों में बैठकर उद्भूत रूप से अमृत करूणा का **रसपान** कर सकेगें।

हे माँ! हमारी यह अभिलाषा है कि आपके समक्ष बैठकर मातृत्व गरिमा से भरे मुखमण्डल से निर्झरित स्नेह से परिलुप्त होकर **आत्मलीन** हो जाऊं। मैं तो अब स्वयं को तुम्हें ही सौंप देना चाहता हूं, मुझे यह ज्ञात है कि मैं अत्यन्त ही **दोष युक्त, असत्य, छल, कपट,** प्रेम के मूल स्वरूप से अनभिज्ञ, आपके प्रेम के योग्य नहीं हूं, मुझ में अनेक **दोष** हैं, लेकिन यदि आप ही मुझे ठुकरा दोगी, तो इस जग में तेरे लाल को कौन सम्भालेगा? वर्तमान के वातावरण में, कई जन्मों के **पाप-दोष** के कारण और श्रेष्ठ संस्कारों के **अभाव, ईर्ष्या, द्वेष, असत्य, कपट** से मेरा **चित्त विद्ग्ध, दूषित** हो गया है, लेकिन इसके बावजूद भी आपके प्रेम, स्नेह में कोई कमी नहीं है, मैं अब इन सब विकारों से विमुक्त होना चाहता हूं। कब ऐसा होगा जब हम उस मनोदशा में पहुंच सकेंगे जो एक **नवजात शिशु** की होती है।

हे शक्ति स्वरूपा! आपके आडम्बर को देखकर मेरा मन कौतुक से भर जाता है, आपके अनेक रूप हैं, और आप प्रत्येक बार अलग ही रूप में दृश्यमान होती हैं, आपके माया से मैं भ्रमित हो जाता हूं, होना भी स्वभाविक है, मुझमे इतना सामर्थ्य भी कहां है, कि माया के आवरण को भेद सकूं। आपका वह रूप जब आप जीवन के अत्यन्त कठिन समय में **परमपूज्य सद्गुरूदेव** के साथ **शक्ति स्वरूप** में विद्यमान थीं, चारों ओर बिखराव, भटकाव का दौर चल रहा था, उस समय आपके चहरे पर तनाव साफ झलक रहा था, आपके शिष्यों को इस प्रकार भ्रमित देखकर आपकी व्याकुलता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही थी, आपकी भाव विह्वलता स्पष्ट रूप से प्रतीत हो रही थी। विधाता की इस **अग्नि परीक्षा** को आपने भली-भांति पूर्ण किया। आपने इतने विकट प्रतिकूल परिस्थिति में **संघर्ष** और **सहनशीलता** की नयी उपमा दी। आपने परमपूज्य **सद्गुरूदेव कैलाश जी** के साथ गृहस्थ जीवन और सभी कर्तव्यों का पूर्णत: से निर्वाह करते हुये निरन्तर शिविर कार्यक्रम में सभी **शिष्यों** को अपनी **सानिध्यता, प्रेम, करूणा, ममता का प्रसाद** प्रदान किया। जिसके लिये आपको अनेक दुर्गम स्थानों की यात्रा भी करनी पड़ी और अथक परिश्रम द्वारा **परमपूज्य सद्गुरूदेव** के साथ प्रत्येक शिष्य को **दृढ़ विचार, निश्चिंता** का भाव दिया। साधना सफलता के लिये आपका **मार्गदर्शन** प्राप्त कर हम सिद्धियों के अत्यन्त निकट पहुंच गये हैं, यद्यपि आपके चरणों में बैठकर अब हमें साधना सिद्धि की इच्छा ना रही। अब हमारी यह याचना है कि जीवन के शेष दिन **ममतामयी प्रेम** को आत्मसात करते हुये आपकी सेवा और सानिध्यता में ही व्यतीत करूं, आपके विशाल नेत्रों में जो अपार **करूणा का सागर** है, उसका **अंश मात्र** हमें भी प्रदान करो।

हे माँ! हम सब शिष्यों के जीवन की आप अमूल्य सम्पति हो, माँ शब्द में ही अतुल आनन्द है। आप **मातृत्व शक्ति** की स्रोत हो, जो सदा अक्षुण्ण रूप में प्रवाहित होकर रहता है, वात्सल्य की आप अत्यन्त सागर हो, प्रेम की अनन्त भण्डार हो, आपका मातृ प्रेम तो **नि:स्वार्थ,** प्रतिदिन की इच्छा से परे गंगा धारा से भी अधिक पवित्र है, हमारी **जड़ता, स्वार्थ, विकार, कुसंस्कार, कुविचार, छल, कपट, पाप-दोष,** से भी आप अपने **वात्सल्यमय करूणा, दया, स्नेह, कर्त्तव्य** पालन से विमुख नहीं होती हैं। सुख-**दु:ख, कष्ट-पीड़ा** में भी आपके हृदय का स्रोत सदैव अक्षुण्ण रूप से प्रवाहित होता रहता है। अनन्य सेवा भाप पूर्ण वात्सल्य का अनन्त झरना आपके मातृ हृदय में ही है। अपने मानस पुत्र-पुत्रियों को वात्सल्यमय चेतना से ओत-प्रोत कर देने में ही आपको अनन्त संतोष, अटूट सुख मिलता है। माता रूप में आपने अनेक अत्यन्त **पीड़ादायक कष्टों** को सहन किया, कठिन से कठिन परिस्थिति में भी अडिग अविचल रूप में अपने **शिष्यों के कल्याण** के लिये सदैव तत्पर रहीं है।

हे वन्दनीय माँ! यथा शक्ति आपके मातृत्व प्रेम को आपके जन्मदिवस पर व्यक्त करने का प्रयास किया है। हे माँ! आपको अर्पित करने के लिये मेरे पास सिर्फ **श्रद्धा** और **भाव** ही हैं, वो भी इस संसार जाल में **पाप-दोषों** से अशुद्ध हो गये हैं, फिर भी आखिर मैं भी आप ही के आँखों का तारा हूँ, मुझ अकिंचन के अपूर्ण भावों को स्वीकार करो जगत् जननी।

माता सीता

भगवान श्रीराम तथा **माता सीता** ने जगत को यह **ज्ञान** दिया कि किस प्रकार **पूर्ण देवत्व** को प्राप्त किया जा सकता है। उनके इस उपकार का चिंतन कर मन अत्यन्त विस्मित और कृतज्ञता से परिपूर्ण हो जाता है। वास्तव में **भगवती सीता सर्ववेदमयी, सर्वलोकमयी, मूल प्रकृति स्वरूपिणी** हैं, **इच्छा शक्ति, क्रिया शक्ति, साक्षात् शक्ति स्वरूपा** माता सीता ही लक्ष्मी, सर्वाश्रयमयी **'श्री शक्ति'** हैं। मानव जीवन में जिस श्री की अत्यधिक आवश्यकता होती है, जिस पर सम्पूर्ण संसार का आश्रय निर्भर है, उन्हीं जगत्माया कमला का एक अवतार **माता सीता** के रूप में हुआ। **स्कन्द पुराण** में वर्णित है कि- हे विष्णो! आप जब-जब जो-जो अवतार स्वीकार करते हैं, तब-तब भगवती कमला आपकी संगिनी के रूप में अवतरित होती हैं।

मिथिला प्रदेश में **लंकाधिपति रावण** के आश्रित निशाचरों **(राक्षसी प्रवृत्ति के लोग)** ने **यज्ञ, हवन, पूजन, तपस्या** इत्यादि में अनेक प्रकार से उत्पात मचा रखा था। ऋषि-मुनि उनके अत्याचारों से **त्रस्त** और **भयभीत** थे, वह राज्य कर के रूप में **ऋषि-मुनियों** का शोणित लेकर अपना **विनाशकारी घट** भरने लगा। इस **रक्तपूर्ण घट** के प्रभाव से लंका में घोर **दुर्भिक्ष** पड़ा, चारों ओर **त्राहि-त्राहि** मच गयी। जब रावण को इस बात का आभास हुआ, तो उसने स्वयं उस घट को सदानारी से पूर्व लाकर मिट्टी के नीचे गाड़ दिया। सहस्त्रों वर्ष बाद उसी घट के दुष्परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण **तीरभुक्ति क्षेत्र** में भी **दुर्भिक्ष** के प्रभाव से अकाल पड़ गया। इसी अकाल के निवारण के लिये **मिथिलेश महाराज जनक** ने हल चलाया और उसी हल के फाल से घट फूट गया, जिससे जगजन्नी सीता प्रकट हुई।

सीता के चरित्र के विषय में कुछ कहना समुद्र को ओस चढ़ाना मात्र है, फिर भी इतना अवश्य कहा जा सकता है, कि ये सम्पूर्ण नारी जाति की **श्रृंगार** हैं, इनके जैसा **त्यागी, सहनशील, धैर्य, पतिव्रता धर्म** का पालन किसी ने नहीं किया। जिस प्रकार शिव की शक्ति **अन्नपूर्णा** हैं और **श्रीकृष्ण** की **शक्ति राधा,** उसी प्रकार **सीता श्रीराम** की परात्परा शक्ति हैं। सीता शक्ति हैं और **श्रीराम शक्तिमय, श्री चण्डी** में जो **महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती** रूप में **असुरनाशिनी** हैं, वही रामायण में **असुरनाशिनी कालरात्रि** हैं, रावण की सभा में **हनुमान** ने कहा था-

यां सीतेत्यभिजानासि येयं तिष्टति ते गृहे।
कालरात्रिति तां विद्धि सर्वलंकाविनाशिनीम्॥

रावण! जिन्हें तुम सीता समझते हो, जो आज तुम्हारे घर में अवस्थित हैं, उनके स्वरूप से तुम परिचित नहीं हो, वे **कालरात्रि** ही सर्व लंका विनाशिनी हैं।

इस जगत् में सीता एक ही थी, हैं और रहेगी उनके जैसा रूप, गुण और लीला में दूसरा कोई नहीं हो सकता। उनका रूप **अतुलनीय** है। **शुर्पणखा रावण** को कहती है-

राम की धर्मपत्नी विशाल नेत्रों वाली, पूर्ण चन्द्रमा के समान मुख वाली तथा अपने पति को अत्यन्त प्रिय है और सदा उनके अनुकूल आचरण एवं सेवा में तत्पर रहती है। उसके सुन्दर केश हैं, सुन्दर नासिका, सौन्दर्य के सभी गुणों से पूर्ण है, वह **अप्रितम सुन्दरी** है और उसका बड़ा यश है। वह इस संसार की दूसरी **लक्ष्मी** है, उसका तपाये हुये सोने के समान **वर्ण** है, सीता उसका नाम है, विदेह की वह **पुत्री** है, मैंने वैसी सुन्दर नारी पृथ्वी पर कभी नहीं देखी। **देव कन्याओं, गन्धर्विनियों, यक्ष पत्नियों** तथा **अप्सराओं** में भी कोई वैसी सुन्दरी नहीं है। उसका हृदय एक क्षण के लिये भी राम से **रिक्त** नहीं होता।

लंका वापसी के बाद जब **माता सीता** के चरित्र की अग्नि परीक्षा हुई, तो वे व्यथित होकर लक्ष्मण से कहती हैं, हे सुमित्रानन्दन! मेरे लिये चिता तैयार करो। इस **झूठे कलंक** का टीका सिर पर लगाये मैं जीवित नहीं रह सकती। वे **पति, देवताओं** और **ब्राह्मणों** को प्रणाम कर अग्नि से कहती हैं-

यदि मेरा हृदय **रघुकुल नन्दन श्रीराम** के चरणों से क्षण भर के लिये भी दूर नहीं हुआ है तो अखिल विश्व के साक्षी **अग्नि देव** आप मेरी रक्षा करें।

झूठी और **मिथ्या** अपवाद के कारण जब राम ने लक्ष्मण के द्वारा सीता का त्याग किया, तब भी सीता ने कोई कठोर शब्द का प्रयोग नहीं किया। वे रोते-रोते कहती हैं-

पतिर्हि देवता नार्याः पतिर्बन्धुः पतिर्गुरूः ।
प्राणैरपि प्रियं तस्माभ्दर्तुः कार्यं विशेषतः ॥

पत्नी के लिये उसका पति ही देवता है, पति ही बन्धु है और पति ही गुरू है। इसलिये स्वामी का कार्य पत्नी के लिये प्राणों से भी प्यारा है।

इसी प्रकार पाताल प्रवेश भूमि समाधि के समय **भगवती सीता** कहती हैं-

यदि मैंने रघुनन्दन को छोड़कर किसी परपुरूष का जीवन प्रयत्न मन से भी चिन्तन नहीं किया तो पृथ्वी देवी मुझे अपने अन्दर स्थान दें।

यदि मैं मन, वाणी और कर्म से श्रीराम का अर्चन करती हूँ तो पृथ्वी देवी मुझे अपने अन्दर अवकाश दें।

यदि मेरा यह कथन सत्य है कि मैं राम को छोड़कार किसी दूसरे को नहीं जानती तो देवी भू-धात्री मुझे अपने गर्भ में समाहित करें।

इन तथ्यों से यह सिद्ध होता है कि भगवती सीता जैसी **उच्च गुणों** से युक्त, सुशील, सौन्दर्य के सभी **अलंकारों** से पूर्ण श्रेष्ठ चरित्र वाली स्त्री इस संसार में दूसरी कोई नहीं है, यह अलग तथ्य है कि राम को **सामाजिक अपवाद** के कारण लक्ष्मण के द्वारा सीता का त्याग करना पड़ा। लेकिन यह भी सत्य है कि जितना सीता राम के वियोग में दुःखी, संतप्त थी राम भी उतने ही **दुःखी** और **संतप्त** थे, फिर भी उन्हें **परिवारिक, सामाजिक** दवाब में सीता का त्याग करना पड़ा। सीता के वियोग में राम का हृदय हर क्षण तड़फता रहा। यही कारण था कि सीता के वाल्मिकी आश्रम जाने के बाद राम के चेहरे पर कभी भी प्रसन्नता का भाव ना आ पाया।

सीता सतीत्व तेज के साथ उच्चतम् चरित्र **भूर्भवः स्वः सर्वव्यापिनी चैतन्य** रूप में सभी **स्त्रियों** में व्याप्त हैं, वहीं राम सभी पुरूष में **पुरूषोत्तम चेतना, मर्यादा, आदर्श, कर्तव्य पालन, धर्म, संस्कृति, मानवीय मूल्यों** की **रक्षत्व** चेतना के रूप में विद्यमान हैं। आज मानव को **महाविनाश** की गर्त से बचने के लिये आवश्यक है, कि वे **सीता और राम** के **आदर्श** और **चरित्र** को अपना **अभिन्न अंग** बनायें, जिससे समाज में फैली पाश्चात्य **कुरीतियों** और **भ्रांतियों** का शमन हो सके। **भगवान श्रीराम** और **माता सीता** के **आदर्श, चरित्र, गुण, मर्यादा** को अपनाकर ही समाज में परिवर्तन और प्रत्येक परिवार में **सुख-समृद्धि-शांति** का प्रादुर्भाव हो सकता है। साथ ही इस समाज को एक नई दिशा दी जा सकेगी।

भगवान राम और **माता सीता** के समान जीवन निर्माण के लिये प्रत्येक **साधक-साधिका** को प्रयास करना चाहिये। क्योंकि इस जगत् माया से पार होने और साधना सिद्धि के लिये जिन गुणों की अत्यन्त आवश्यकता होती है, वे गुण इन दोनों **महाशक्तियों** में पूर्ण रूप से समाहित है, जिनके आदर्शों पर **गतिशील** होकर व्यक्ति **भौतिक** और **आध्यात्मिक पूर्णता** प्राप्त कर सकता है।

वीर वैताल सिद्धि साधना

वीर-वैताल को बाँध कर यहीं इसी **शमशान भूमि** में खड़ा करने के लिए **मंत्रों** के घोष से और चढ़ी हुई त्योरियों से, आँखों से निकलती लपटों से तो **हवन कुंड** की अग्नि भी फीकी पड़ गई... हवा में हाथ **लहराता** और **आहुति** को लेकर जिस प्रकार से अग्नि में झोंक रहा था, उससे सारी प्रकृति ही स्तब्ध हो गयी थी... कोई गिड़गिड़ाहट नहीं और ना कोई याचना का स्वर.. दमखम से भरा **पौरूष** का स्वर कि बस आज अभी और इसी क्षण **वीर वेताल** को मेरे सामने प्रत्येक्ष होना ही है, सिद्ध होना ही है और जीवन भर मेरा **गुलाम** बनकर तो रहना है ही। चौबीसों घंटे, प्रतिपल-प्रतिक्षण एक सेवक की तरह हाथ बांध कर, दृष्टि को झुकाये, भय से कांपता हुआ... बहुत हो गया मंत्र जप, बहुत कर ली तेरी याचना यदि तू वीर-वैताल है तो मैं भी एक **सिद्ध साधक** हूँ और उससे भी अधिक एक **सक्षम गुरू** का समर्थ **शिष्य** हूँ।

एक माह हो गया था मंत्र जप करते-करते, नित्य इसी श्मशान की भूमि में हड्डी के टुकड़ों और मांस के लोथड़ों के बीच में जीवन व्यतीत करते, चिता पर भोजन पकाकर खाते और नित्य रात्रि में एक घंटे किसी धधकती चिता के पास त्राटक करते हुए। मंत्र जप करने के उपरान्त अपनी उसी **साधना भूमि** पर जाकर आगे का क्रम अपनाते... झुंझला उठा **जयपाल...** या तो अब मैं नहीं या तो वीर वैताल नहीं... देखूं कितना सामर्थ्य है उसमें, क्या होगा? अधिक से अधिक यह देह ही तो नष्ट हो जायेगी, कोई बात नहीं। नई देह से फिर **साधना** करूंगा, लेकिन यूं गिड़गिडा कर ओर रो-झींक कर साधना करने का कोई अर्थ नहीं और वह भी वीर वैताल जैसी साधना जो अपने आप में पूर्ण **पौरूष साधना** है... पूर्ण पौरूष प्राप्त कर लेने की...नहीं प्राप्त करना मुझे छोटे-मोटे बिम्ब और नहीं प्राप्त करनी मुझे मामूली सी अनुभूतियां न लेनी है कोई टुच्ची सिद्धियां। साधना करनी है तो पूर्णता से करनी है। चाहे वीर वैताल की हो या भैरव की। यदि मैंने कहा और बावन **भैरव नृत्य** करने लगे तो मेरे साधक होने का अर्थ ही क्या? धिक्कार है मेरे जीवन पर और अपमान है मेरे गुरू निखिलेश्वरानंद जी का... यही सोचते हुये तीन दिन पूर्व जाकर मिला था। पूज्य **गुरूदेव** से... पूज्य गुरूदेव का वह **तेजस्वी** और **संन्यस्त स्वरूप,** जब ऐसी **साधनायें** उनके आस-पास ही उनके चरणों में बैठी रहती थीं... अब तो इस गृहस्थ जीवन में ऐसे दम-खम से भरे साधक रहे ही कहां? जो वीर-वैताल जैसे **प्रचंड़ शक्ति पुंज** को अपने वशीभूत कर सके, साधक उसको अपनी देह में उतार सके और इसी से गोपनीय हो गई यह साधना।

'व्यर्थ नहीं जाती है कोई भी **साधना...** एक-एक क्षण की साधना का हिसाब है मेरे पास। विश्वास न हो तो पूछ कर देख लें मुझसें, मैं ही तैयार कर रहा था तुझे इस साधना का अद्वितीय और सिद्ध साधक बना देने के लिए और कोई भी मंत्र जप व्यर्थ नहीं गया है। एक-एक **अणु** को चैतन्य करने की, उसे **शक्तिमान** बनाने की जब वीर वैताल की **साक्षात् सिद्धि** प्राप्त होगी तुझे, एक युग के बाद पुनः घटना घटेगी इस धरा पर। **आद्या शंकराचार्य** के बाद कोई भी **सिद्ध साधक** नहीं हो सका है भारत में इसका...। पूज्य गुरूदेव की वाणी से जयपाल के दु:खी मन में कुछ तो राहत पहुँची लेकिन अभी तीन दिन दूर थे पूर्णता प्राप्त होने में। तीन दिन अर्थात 72 घंटे और साधना में निमग्न साधक को, सिद्धि को झपट लेने के लिए आतुर साधक को तो एक-एक पल भारी होता हैं... पिंजरे में बंद सिंह जैसी दशा होती है। उसकी कि पिंजरा खुले और वह झपट ले अपने लक्ष्य को वीर वैताल हो या ब्रह्मराक्षस... साधक की **दुर्दान्त गति** के आगे ये सब भयभीत हिरण जैसे ही तो छोटे-मोटे **भक्ष्य** है।

यौवन का उन्माद और **विजय की आकांक्षा** से एक सुरूर तैर गया जयपाल की मस्ती भरी आंखों में कुछ और विद्युत सी दौड़ गई उसके **सुदृढ** और **विशाल हस्ति** के समान **भीमकाय शरीर** में... कोई बात नहीं बस तीन ही दिन और एक **अदभुत सिद्धि** मेरे हाथ होगी। शक्ति का साकार पुंज वीर वैताल मेरी मुट्ठी में बंद होगा...

राई, सरसों और पता नहीं किन-किन जड़ी-बूटियों का ढेर चारों तरफ लगा हुआ था जयपाल के, एक विचित्र सी गंध व्याप्त हो गई थी सारे वातावरण में, गंध श्मशान की या जलती हुई लाशों की या फिर **अद्‌भुत वन औषधियों की...** आज आसमान भी काला न होकर रक्तवार्णी हो गया था... यद्यपि कहने को रात का तीसरा प्रहार था, बस कुछ पल ही और कुछ आहुतियां ही शेष... दान नहीं, भिक्षा नहीं, तंत्र की एक क्रिया पूर्ण होने की घड़ी और कोई याचना नहीं, कोई प्रार्थना नहीं, वीर वैताल का प्रकट होना दासत्व स्वीकार करना ही था... मंद चलती हवा एक क्षण के लिए रूकी, ज्यों प्रकृति की ही श्वांस थम गई हो, अचानक एक ओर से आंधी का प्रचण्ड झोंका आया, एक बुगला बनकर उड़ता हुआ, अपने साथ आकाश में उड़ा ले जाने के लिए... अन्तिम पांच आहुतियां शेष, घबरा गया जयपाल!

लेकिन आत्म संयम नहीं खोया और उस विशिष्ट **रक्षामंत्र** का उच्चारण कर उछाल दिये सरसों के दाने उसी दिशा में... थम गई एक प्रचण्डता, लेकिन जाते-जाते भी उस विशाल और बूढ़े वट वृक्ष को जमीन में मटियामेट करते हुए कोलाहल सा मच गया चारों ओर सैकडों पक्षियों के साथ-साथ, वही तो आश्रय स्थली पता नहीं किन-किन भटकती आत्माओं की।

आक्रोश प्रकट हो रहा था, भले ही सूक्ष्म रूप में कि कशमशा उठा है **वीर वैताल** भी एक अनहोनी को घटित होते हुये देखकर... एक अदना सा **साधक** आज मुझे अपने वश में करने जा रहा है, लेकिन वह अदना भी कहां, जो उसे बांध लेने को उद्धत हो गया हो वह अदना भी कहां? दूर बहती नदी में छपछपाहट कुछ और तेज हो गई थी पता नहीं हवा के प्रभाव से या अघटित रही एक घटना को देखने के लिए...

अन्तिम आहुति... सारा वातावरण एक दम से कोलाहल पूर्ण हो उठा सैकड़ों प्रकार की चीखें हलचल और भगदड़, ज्यों कोई बहुत दुर्घटना हो गई हो और तेज धमाका... ऐसा कि पृथ्वी फट ही जायेगी... मन ही मन मुस्कराया जयपाल। अब इन सबसें क्या होना हैं... जो कुछ सम्पन्न करना था मुझे वह तो मैंनें कर ही दिया, अब तो बाजी मेरे हाथ में हैं। लाख भयभीत कर ले कोई भी मुझे लेकिन इन सबके स्वामी वीर वैताल को तो आज मैंने अपने वश में कर ही लिया है। भला असफल कैसे हो सकती थी मेरे गुरू की दी **अनुपम दीक्षा** और उनके द्वारा बतायी गयी यह **साधना...** और सचमुच यही क्षण था, ऐसा ही तो था, न कोई लम्बी चौड़ी आकृति, न कोई बहुत विशालकाय शरीर, एक सामान्य सा मानव देखने में प्रायः कृशकाय ताम्र वर्णी लेकिन चेहरे पर बिखरी हुई ऐसी वीभत्सता जो कि देखते ही न बने।

अत्यन्त **घृणित** और **भयास्पद** चेहरा आँखे मानों गड्ढों में धंसी जा रही हो और उस **क्रूरता** से भरी आँखों में **अग्नि** की **ज्वाला** प्रकट हो रही थी, लेकिन दोनों हाथ **अभ्यर्थना** में जुड़े हुए... एक प्रकार से अपनी **पराजय** स्वीकार करते हुये, एक ओर रखी मदिरा की बोतल उछाल दी जयपाल ने उसकी ओर साधना की **पूर्णता** और उसकी अभ्यर्थना को स्वीकार करने के लिये... तंत्र की एक ऐसी क्रिया जिसका रहस्य तो केवल **परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी** के पास ही सुरक्षित बचा था और जिसे उन्होंने प्राप्त किया था अपने साधक-जीवन में आद्य शंकराचार्य की आत्मा को अपने योग बल से प्रत्यक्ष कर... रोम-रोम हर्षित हो रहा था, आज मैनें एक अप्रतिम **साधना** प्रत्यक्ष कर स्वयं तो एक सिद्धि प्राप्त की ही है, एक दुर्लभ शक्ति को हस्तगत किया ही है, साथ ही आज मैंनें अपने गुरू के गौरव को भी प्रवर्द्धित किया है।

वैताल साधना मूलतः **तांत्रोक्त साधना** होने के उपरांत भी यदि इस ढंग से की जाये तो **सौम्य साधना** है। किसी भी शनिवार को यह साधना सम्पन्न कर व्यक्ति अदृश्य रूप में एक **रक्षक** प्राप्त कर लेता है कि फिर उसे जीवन में किसी प्रकार का भय रह ही नहीं जाता। **पूर्ण वैताल सिद्धि** के उपरांत **साधक** ऐसे कार्य सम्पन्न कर सकता है, जो कि उसके लिये पूर्व में **अंसभव** थे साथ ही अचरज भरे होते है, वैताल के **कंधों** पर बैठ कर हजारों मील की दूरी पलक झपकते ही पार कर लेना, भविष्य के बारे में कोई भी ज्ञान प्राप्त कर लेना या धन या भोजन की निरन्तर प्राप्ति बायें हाथ का खेल होता है। वास्तव में प्रत्येक गुरू अपने शिष्य को आंशिक रूप में ही सही, **वैताल सिद्धि** अवश्य प्रदान करते है

वैताल साधना के लिए आवश्यक है कि साधक हर हाल में वैताल दीक्षा प्राप्त कर ले क्योंकि बिना इस दीक्षा को प्राप्त किये साधक के अंदर वह **साहस** और **बल** आ ही नहीं सकता। **वैताल सौम्य** स्वरूप में ही उपस्थित होता है लेकिन उसका स्वरूप **विकराल** और **भयानक** है। इसे कमजोर दिल वाले **साधकों** और **अशक्त व्यक्तियों** को **वैताल साधना** करने से पूर्व पूज्य **गुरूदेव** की आज्ञा प्राप्त करना आवश्यक है।

इस प्रयोग में न तो कोई पूजा और न कोई विशेष सामग्री की आवश्यकता होती है, **तांत्रिक ग्रथों** के अनुसार इस प्रयोग के लिए तीन उपकरणों की जरूरत होती है। **1 सिद्धि प्रदायक वैताल यंत्र, 2 सिद्धिदायक वैताल माला, 3 भगवान शिव अथवा महाकाली जीवट।**

इसके अलावा **साधक** को अन्य किसी प्रकार की **सामग्री** की जरूरत नहीं होती। यह **साधना रात्रि** को सम्पन्न की जाती हैं परन्तु साधक भयभीत न हो और न विचलित हों, वे निश्चित रूप इस साधना को सम्पन्न कर सकते है।

साधक रात्रि को **10:00 बजे** के बाद स्नान कर लें और स्नान करने के बाद अन्य किसी पात्र या वस्त्र को छुये नहीं, पहले से ही धोकर सुखाई हुई **काली धोती** को पहिन कर काले आसन पर दक्षिण की ओर मुंह कर घर के किसी कोने में या एकांत स्थान में बैठ जाये।

फिर सामने एक **लोहे के पात्र** या **स्टील** की थाली में **वैताल यंत्र** को स्थापित कर दें जो की **मंत्र सिद्ध** एवं **प्राणश्चेतना युक्त** हो। इसके पीछे **भगवान शिव** अथवा **महाकाली जीवट** को स्थापित कर दें, फिर **साधक** हाथ जोड़ कर वैताल का ध्यान करें-

ध्यान

धूम्र-वर्णमहा कालं जटा-भारान्वितं यजेत्
त्रि-नेत्रं शिव-रूपं नीलां छन-चय-प्रभम् ।
दिगम्बरं घोर-रूपं नीलांछन-चय-प्रभम्
निर्गुणं च गुणाधारं काली-स्थानं पुनः पुनः ॥

ध्यान के उपरांत साधक **वैताल माला** से मंत्र की **21 माला** मंत्र जप सम्पन्न करे। यह मंत्र छोटा होते हुए भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है और **मुण्ड माल तंत्र** में इस मंत्र की अत्यन्त प्रशंसा की गयी है। इस मंत्र को पूर्ण **चैतन्य वीर वैताल शक्तिपात दीक्षा** प्राप्त कर धारण करने से मंत्र जप के साथ-साथ गुरू की **शक्ति** भी **वैताल सिद्धि** में सहयोग करती है।

वैताल-मंत्र

॥ ॐ वैताल यच्छ यच्छ क्षं क्षीं क्षूं क्षैं क्षः
आगम आगम वं वं वं आगच्छ आगच्छ स्वाहा ॥

जब मंत्र जप पूर्ण होता है अथवा **मंत्र जप** सम्पन्न होते-होते **अत्यन्त सौम्य** स्वरूप में **वैताल** स्वयं हाथ जोड़ कर कमरे में प्रगट होता है। जब पहले से लाकर रखे गए **बेसन के चार लड्डूओं** का भोग वैताल को लगा दें और अपने हाथ में जो **वैताल माला** है वह उसके गले में पहना दें, ऐसा करने पर **वैताल** वचन दे देता है कि जब तुम उपरोक्त मंत्र **11 बार** उच्चारण करोंगे, तब में अदृश्य रूप में उपस्थित होऊंगा और आप जो भी आज्ञा देंगे उसे पूरा करूंगा, ऐसा कहकर वैताल माला को वहीं छोड़ कर **अदृश्य** हो जाता हैं।

दूसरे दिन साधक प्रातः काल उठकर स्नान आदि से निवृत होकर **वैताल यंत्र, वैताल माला** और वह भोग किसी मन्दिर में रख दें अथवा नदी, तालाब या कुंएं में डाल दें। महाकाली या भगवान शिव जीवट को पूजा स्थान में स्थापित कर दें।

सामग्री न्यौछावर ₹460

वैताल सिद्धि शक्तिपात दीक्षा और **साधना सामग्री** संयुक्त रूप में प्राप्त करने का **न्यौछावर ₹1800**

खूब हँसिये स्वस्थ रहिये

वाकई आज के इस भागदौड़ वाले **युग** में लोगों के चेहरे से हंसी बिल्कुल ही गायब हो गई है। कोई भी किसी के साथ हंसकर बात करना गवारा नहीं समझता और अक्सर अपना चेहरा गंभीर बनाये रखता है। इस कारण ऐसे लोगों की जिंदगी में आने वाली बहार उनसे रूठ सी जाती है। जबकि हमारे देश में यह बात काफी प्राचीन समय से प्रचलित है कि **हंसी** हर व्यक्ति के लिए हर प्रकार के रोग की सबसे बेहतरीन दवा है। अगर आप हर वक्त हंसते और मुस्कुराते रहते हैं तो कोई भी **बीमारी** आसानी से आपके निकट फटक नहीं सकती।

आज देश भर में कई स्थानों पर लोग **लाफिंग ग्रुप** (हंसने वाले लोगों का समूह) बनाकर हंसी के माध्यम से अपनी जिंदगी में **इंद्रधनुषी रंग** भर रहे हैं। दरअसल जब कई लोग मिलकर एकसाथ काफी जोर-जोर से हंसते हैं तो इससे उनके अंदर एक **नई ऊर्जा** का संचार होता है। हंसने की यह क्रिया श्वास पर आधारित **योगासन प्राणायाम** से जुड़ी हुई है। इस क्रम में लोग हंसते हुए हाथ को आसमान की ओर उठाते हैं और ताली भी बजाते हैं, जिससे शरीर का रक्त प्रवाह संतुलित बना रहता है। लेकिन आम तौर पर लोगों के साथ हंसने में समस्या यह आती है कि लोग अकेले अधिक हंस नहीं पाते। इसीलिये यदि आप भी खूब हंसना चाहते हैं तो बेहतर यह होगा कि पहले आप अपने मिलने वालो का समूह बना लें। इसके बाद आप अपने दोस्तो या रिश्तेदारों के साथ मिलकर संभव हो तो रोज सुबह शोर करते हुए किसी पार्क की ओर चले जाये और वहां एकसाथ खूब हंसे। इस तरह की **हंसी चिकित्सा** आपके जीवन में काफी बहार ला सकती है।

जिंदादिली बनाये रखें

इस बात से हर कोई वाकिफ है कि तनाव के समय में हंसी का वातावरण एक सबसे अच्छा उपचार है। ऐसे कई अनुसंधान के अनुसार हंसने से दरअसल तनाव बढ़ाने वाले **हार्मोन कार्टिसोल** का स्त्राव कम होने लगता है, जबकि हंसी ऐसे प्राकृतिक किलर सेल को पैदा करने लगती है, जो **ट्यूमर** जैसी घातक बीमारी से लड़ने से शरीर की मदद करते हैं। इस अनुसंधान को **साइकोन्यूरोइम्यूनोलॉजी** का नाम दिया गया है। इसके अलवा अन्य प्रकार के शोधों से यह स्पष्ट हो चुका है कि हंसी से रक्तचाप में भी कमी आती है, श्वास प्रक्रिया व प्रवाह में सुधार आता है हताशा समाप्त होती है। इतना ही नहीं, केवल यही एक ऐसी यौगिक क्रिया है, जिसे बिस्तर पर पड़ा अथवा व्हील चेयर का इस्तेमाल करने वाला इंसान भी कर सकता है।

आज की भागदौड़ वाली जिंदगी में हर व्यक्ति महत्वाकांक्षी हो गया है। लोगों में इसी वजह से **सेंस ऑफ ह्यूमर** की कमी होने लगी है। ऐसे मौके पर ही हंसने-हंसाने वाले लोगों का समूह काम आता है। इस क्लब में शामिल लोग एक-दूसरे से मिलते हैं, अकसर मिलने की जगह कोई पार्क होती है और फिर अपने हंसने-हंसाने के खेल में शामिल हो जाते हैं। इस प्रकार से हंसने वाले लोगों के समूह में हर उम्र और हर प्रकार के व्यवसाय से जुड़े लोग अपना नाम शुमार कर सकते हैं।

उत्साही और **जागरूक** बनें

इस प्रकार के व्यायाम के लिए आपका जागरूक और बहिर्मुखी होना काफी आवश्यक है। यदि आप ऐसे नहीं हैं तो खुद को इस रूप में ढालने की शुरुआत कर दीजिये। आप चाहे घर में हों या दफ्तर में जब कभी आपको ऐसा लगे की आपके आसपास के माहौल को खुशगवार बनाने के लिए हंसी-मजाक की बातें शुरू कर दें। काम के दौरान भी **तनावमुक्त** होकर बीच-बीच में थोड़ा हंसना जरूरी है। हो सके तो अच्छी और कॉमेडी फिल्में देखने की आदत भी बनाये। लेकिन हंसने वाले समूह में आप और भी अधिक खुलकर शामिल हो सकती हैं और अपनी हंसी-खुशी अधिक बेहतर तरीके से व्यक्त कर सकते हैं। इस प्रकार आप सभी के बीच एक-दूसरे से **ऊर्जा** का आदान-प्रदान होता है। यह आपके लिए अधिक कारगर है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि जब लोग ऐसे समूह में हंसी का खेल पूरा कर अलग हटते हैं, तब उनके भीतर पहले की अपेक्षा काफी अधिक बदलाव पैदा हो चुका होता है। कई लोगों ने अपने अनुभवों के बारे में बताया कि वे खुद को पहले की अपेक्षा काफी **तनावमुक्त** महसूस करते हैं क्योंकि ऐसे हंसी के सत्र से निकलने के बाद उनकी **परेशानियां, शारीरिक-मानसिक तनाव** और उनकी **चिंताये** भी काफी हद तक दूर हो चुकी होती हैं। मुस्कुराहट से उनका चेहरा दमक उठता है और आंखें चमक उठती हैं।

सकारात्मक भाव

हंसी के माध्यम से एक रिपोर्ट ऐसी मिली है जिसमें **आर्थराइटिस (गठिया)** के रोगी इस प्रक्रिया को अपनाने से एकदम स्वस्थ हो जाते हैं। इस मामले में ऐसा पाया गया कि आर्थराइटिस से पीड़ित रोगियों की **मांसपेशियों की सूजन** में हंसने से काफी कमी आ जाती है। यहां तक कि खुलकर हंसने का लाभ सीधे तौर पर **स्पांडिलाइटिस के रोगियों** में भी देखने को मिलता है।

प्राकृतिक चिकित्सा

कई चिकित्सकों ने विश्व के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के जीवन में हंसी को पूरी तरह से भर देने का बीड़ा उठा रखा है। इस काम में सफलता पाने के लिए अनेक चिकित्सक अलग-अलग तरह की प्रणालियों को भी आजमाते हैं। चिकित्सक बच्चों को इस हंसी के खेल में इसलिये पूरी तरह से माहिर कर देना चाहते हैं क्योंकि बच्चे हंसी के माध्यम से अपनी **आधी से अधिक बीमारियां** खुद ही दूर कर लेते हैं। कुछ चिकित्सक बच्चों को हंसाने के लिए जादुई खेलों के साथ ही **गेंदों की जगलिंग, ताश के पत्तों, बैलून** आदि का सहारा भी लेते हैं। इस प्रकार के मशीन में जुटे हुये चिकित्सकों का महत्व अन्य किसी क्षेत्र के विशेषज्ञ से किसी भी मामले में कम करके नहीं आंका जा सकता है।

लाफिंग क्लबों का भविष्य

विशेषज्ञों की राय है कि ऐसे **लाफिंग क्लब** हमेशा पूरी तरह से सफल हो जाये, इस बात की कोई गारंटी नहीं हैं। यह बात पूरी तरह से इस पर निर्भर है कि उस क्लब में शामिल लोग उस क्लब की सफलता के लिये कितने गंभीर हैं। उनका कहना है कि ऐसे समुह से जुड़े रहना और उसे सफल बनाना एक कठिन कार्य है, जिसमें हर व्यक्ति को पूरी तरह से जुटाना पड़ता है। दरअसल केवल हंसना ही सब कुछ नहीं है, बल्कि सब कुछ भूलकर हंसना उससे भी अधिक कारगर है। यदि सारे लोग इस लाफिंग क्लब की गंभीरता को समझ जाये तो इसकी सफलता निश्चित है। इसके अलावा भारत में ऐसे क्लबों में मशहूर होने के पीछे एक और महत्वपूर्ण कारण यह भी है कि अकसर लोग सुबह के वक्त पार्कों में टहलने के लिए निकला करते हैं। यह उन्हें ऐसे क्लबों में शामिल होने का एक अच्छा मौका प्रदान करता है। यह क्रिया उनकी रूटीन का हिस्सा बन जाती है और वे आमतौर पर हल्का-फुल्का मजाक करने के आदत डाले देते हैं। इसके अलावा इस क्रिया के साथ ही **एक्युप्रेशर** की एक खास विधि को अपनाने से लोगों की हंसी में और भी बढ़ोत्तरी देखी जा सकती है। इस चिकित्सा प्रणाली में विश्वास रखने वाले कुछ चिकित्सकों ने ऐसे लाफिंग क्लबों की वीडियों कैसेट्स भी तैयार करा रखे हैं, जिन्हें वे अकसर अपने **अस्पताल** या **क्लीनिक** में टीवी पर चलाते रहते हैं। ये कैसेट्स कुछ इस तरह से तैयार किये हुए होते हैं कि इन्हें देखने पर अनायास ही लोग हंसने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इतना ही नहीं, कई जगह तो यह शोध भी चल रहा है कि आखिर हंसने से किस-किस तरह की परेशानियों का सफल इलाज संभव है।

यदि आप भी खुद को हमेशा निरोग रखना चाहते हैं तो हंसी को अपना मूलमंत्र बनाते हुये इसे अपना सबसे प्यारा साथी बना लीजिये। फिर देखिए, आपका यही साथी आपके जीवन में किस तरह से खुशियों की बहार लाता है।

सस्नेह आपकी माँ
शोभा श्रीमाली

नारी शक्ति विवेचन

प्राचीन भारत में **स्त्रियों** को महत्वपूर्ण पद प्राप्त था। वास्तव में पुरूषों की अपेक्षा उनकी श्रेष्ठ स्थिति थी। **'शक्ति'** स्त्री सूचक शब्द का तात्पर्य **'बल'** तथा **'शक्ति'** है। समस्त पुरूषोचित शक्तियां स्त्री से ही प्राप्त होती है। **साहित्यिक प्रमाण साक्षी** हैं कि **राज्यों** अथवा **कस्बों** के **विनाश** का कारण शासकों द्वारा किसी **स्त्री** को **अपमानित** करना था। उदाहरण हेतु वाल्मीकि रामायण से हमें शिक्षा प्राप्त होती है कि रावण तथा उसका सम्पूर्ण राज्य नष्ट हो गया क्योंकि उसने **सीता** का अपहरण किया था। **वेद व्यास** की रचना महाभारत कौरवों की **मृत्यु** का कारण जन साधारण में **द्रौपदी** को **अपमानित** किया जाना था।

स्त्री को **पुरूष** की **अर्धांगिनी** माना जाता है, **गौरी-शंकर, राधा-कृष्ण, सीता-राम** हमारे जीवन में आदरपूर्वक स्मरण किये जाते है। भारत को इस तथ्य का गर्व है कि हमने नारी **शक्ति** को प्रधान स्थान दिया है, **शक्ति पूजा** के महत्व को जाना है।

धार्मिक संदर्भ में, **हिन्दुओं ने स्त्रियों** को देवत्व के स्तर तक उन्नत किया है। भारत में हिन्दुत्व के बारे में एक भूल है कि यह पुरूष प्रधान समाज है तथा धर्म पर प्रभुत्व है तथा सच्चाई यह है कि वास्तव में ऐसा नहीं है। **यह वह धर्म है जो स्त्री की ताकत और बल को सूचित करता है।** **'शक्ति'** का तात्पर्य **'बल'** और **'ताकत'** पुरूष में समस्त **शक्तियों** का कारण **स्त्रियां** हैं। **त्रिमूर्ति (ब्रह्मा, विष्णु, शिव)** अपने नारी सहायक अंग के बिना **शक्ति विहीन** हैं।

त्वया उत्पन्नः सार्वभौमःसृष्टिश्च त्वया समुत्प न्नः।
रक्षितश्च त्वया सृष्टिः अन्ते त्वयि विलीयतें।।

'तुम्हारे द्वारा ही यह सार्वभौम उत्पन्न हुआ। तुम्हारे द्वारा इस सृष्टि की रचना हुई है। तुम्हारे द्वारा ही रक्षित है। अंत में तुम्हारे द्वारा ही यह विनष्ट होता है। हे देवी आप परम विदुषी हो तथा समान रूप में समझदार तथा भाव पुंज हो।'

प्राचीन समय में अन्य देशों की अपेक्षा भारत में नारियों को अधिक आदर सम्मान प्राप्त होता था तथा अन्य धर्मो के वेदों तथा साहित्य की अपेक्षा भारत के प्राचीन साहित्य एवं वेदों में उनकी उच्चतम स्थिति निर्दिष्ट की गई है। हिन्दू नारियां वैदिक काल से धन के अधिकार का आनन्द लेती रही हैं। वे सामाजिक एवं धार्मिक संस्कारों में भाग लेती रही हैं तथा कभी-कभी उसकी पहचान उनकी शिक्षा द्वारा हुई है। प्राचीन काल में भारत में नारियां कभी अकेली नहीं रही।

किसी भी रचना के क्रियान्वहन हेतु ज्ञान, बुद्धि, ताल, लय आदि समस्त आवश्यक अंग हैं। ये सभी गुण शिक्षा, संगीत व कला की देवी सरस्वती में विद्यमान हैं। सरस्वती के बिना ब्रह्मा सृष्टि का उचित कार्य नहीं कर सकते। कोई भी रक्षित क्रिया को अनेक साधनों की अवश्यकता होती है, मुख्यत: राज्यकर सम्बन्धी साधना, अत: धन की देवी लक्ष्मी-विष्णु का अति आवश्यक अंग है। शिव को विनाशकर के रूप में पार्वती द्वारा ही शक्ति व बल उद्भत होता है। पार्वती अथवा दुर्गा को शक्ति कहा जाता है। यह केवल हिन्दू परम्परा है कि जो मन की भावना सम्बन्धी सामग्री उपस्थित करती है, यहां तक कि भावनात्मक स्तर पर स्त्री व पुरूष का एक साथ कार्य करने का सिद्धान्त सार्वभौम में समानता का सूचक है। यह विचार आगे बढ़कर उत्कृष्ट अर्द्धनारीश्वर के रूप में पद धारण करता है। शिव एवं शक्ति का एक शरीर में रूप में संयोग ही अर्द्धनारीश्वर है। प्रत्येक नारी में अर्द्धशरीर बसा हुआ है जो यह निर्दिष्ट करता है कि दूसरे के बिना एक अकेला अपूर्ण है।

हिन्दुत्व में शक्ति का समस्त बल नारी में है। शक्ति स्त्री जाति का मूल बल है जो कि समस्त जीवन में प्रविष्ट है। शक्ति दिव्य स्त्रीत्व की ताकत है जो प्रत्येक वस्तु में पाई जाती है। वह देवी है अत: वास्तव में भारत में काली एक महान् देवी है।

भगवान शिव शक्ति के संग जुड़े हुये एक ही शरीर में प्रकट होते हैं। पति या पत्नी के रूप में वह दायीं तरफ तथा पत्नी बायीं तरफ है। स्पष्ट रूप से वे अर्द्धनारीश्वर के रूप में जाने जाते हैं, आधे पुरूष एवं अर्द्धनारी के रूप में भगवान का अवतार। उनमें से प्रत्येक भगवान ब्रह्मा सृष्टिकर्त्ता, विष्णु रक्षक तथा शिव विनाशक के रूप में हिन्दुओं के सब देवताओं के मन्दिर में शक्ति के साथ विद्यमान है। वह उनका नारी के रूप में दुर्गा तथा शक्ति के रूप में स्पष्ट है।

ऋग्वेद भी नारी के उच्च गौरव का आधार प्रदान करता है, 'यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते रमन्ते तत्र देवता' जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं।

जहां नारी के सम्बन्ध में **पीड़ादायी** व्यवहार होते हैं, वह परिवार शापित निर्णय होते है और एक चमत्कार की तरह श्राप से घर पूर्ण रूप से **नष्ट** हो जाते हैं, परन्तु वे परिवार जहां वे प्रसन्न होती हैं, हमेशा सफल होते हैं। जो पुरूष अपने सुख की इच्छा करते हैं, उन्हें सदैव स्त्रियों को अवकाश तथा उत्सवों में आभूषण, वस्त्र तथा स्वादिष्ट भोजन से सम्मान प्रदान करना चाहिये।

रामायण में प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि राजा दशरथ की मृत्यु के पश्चात् उसकी पत्नियों को कभी भी दशरथ की चिंता में जलने के लिए नहीं कहा गया। वस्तुत: वे परिवार में पूर्ण सम्मान के साथ रही तथा राम सदैव सम्मान पूर्वक अपनी माताओं के समक्ष नत-मस्तक रहे। महाभारत में कुंती, पाण्डवों की माता सती नहीं हुई इस प्रकार रामायण, महाभारत, गीता में सती होने का कहीं कोई उल्लेख नहीं है।

जहां नारी का सम्मान होता है वहां ईश्वर की अनुकम्पा रहती है, परन्तु जहां उनका सम्मान नहीं होता, कोई पवित्र संस्कार, पुरस्कृत स्वीकार नहीं होते है।

विश्व के सम्पूर्ण **धार्मिक इतिहास** में कोई दूसरी सीता प्राप्त नहीं होगी, उसका जीवन अद्भुत था, उसकी ईश्वर के अवतार के रूप में आराधना की जाती है। भारत ही केवल ऐसा देश है जहां पर पुरूष के समान स्त्री भी अवतार लेती है, ऐसा मत प्रचलित है। महाभारत में हम सुलभ के बारे में पढ़ते हैं, महान् नारी योगिनी, जो राजा जनक के दरबार में आई तथा आश्चर्यजनक शक्तियों तथा बुद्धि का प्रदर्शन किया जो उसने योग के अभ्यास द्वारा प्राप्त किया। इससे प्रदर्शित होता है कि नारियों हेतु योग के अभ्यास की अनुमति थी।

भारतीय नारी हेतु मातृत्व सबसे महान गौरव माना जाता है तैतरय उपनिषद् शिक्षा प्रदान करता है, 'मातृदेवो भव' अपनी माता को अपने लिये ईश्वर होने दो। हिन्दू परम्परा माता तथा मातृत्व को स्वर्ग से भी उच्चतम मान्यता प्रदान करता है। महाभारत महाकाव्य में कहा गया है, 'वेदों में शिक्षित दस निपुण पुजारियों की अपेक्षा पिता को श्रेष्ठतम माना गया है। एक माता 'सम्पूर्ण विश्व अथवा ऐसे दस पिताओं से श्रेष्ठतम हैं।'

हिन्दुत्व केवल एक धर्म है जिसका लक्षण स्त्री को पुरूष के तुल्य परत आदरणीय शिव-शक्ति की परमकोटि की अर्द्धनारीश्वर के रूप में कल्पना की गई है। अपने राष्ट्र का नाम हमने मातृभूमि 'भारतमाता' तथा हमारे राष्ट्र का मूल मंत्र 'वन्दे मातरम्' है।

नृसिंह साधना

यह तो **ध्रुवसत्य** है कि जीवन केवल **रास रंग** से नहीं चल सकता, जीवन में **नवरंग** अर्थात् **दया, करूणा, मोह, ममता, वीरता, तेजस्विता, आरोग्य, बल, पराक्रम, बुद्धि** इत्यादि सभी **गुण** होने चाहिये तभी जीवन सामान्य जीवन नहीं होकर **आदर्श जीवन** बनता है, व्यक्ति की समाज में पहचान बनती है। ऐसा व्यक्ति केवल अपने **घर परिवार** के भरण-पोषण तक ही सीमित नहीं रहता अपितु वंश के लिये और समाज के लिए भी बहुत कुछ करने में समर्थ रहता है। **अपने लिये तो पशु भी जीते हैं, कीट पतंगे भी जीवन यापन करते हैं** लेकिन मनुष्य का जीवन इस भांति बिताने के लिए प्राप्त नहीं हुआ है। मनुष्य का जीवन तो बना ही इसलिये है कि वह अपने जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और जीवन में **धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चतुवर्ग** से जीता हुआ हुआ परम तत्त्व को प्राप्त करे।

जिसके जीवन में **डर** है, **भय** है, **आशंका** है वह व्यक्ति अपने जीवन में कुछ भी नहीं कर सकता हैं, जिसने अपने जीवन में **भय, डर** और **आशंका** को हटा दिया है वही अपना जीवन उत्तम रूप से जी सकता है। जिस प्रकार दीवाली के शुभ अवसर पर **लक्ष्मी की साधना** का विशेष महत्व है, उसी प्रकार **होली तांत्रोक्त साधनाओं** के साथ **नृसिंह साधना** सम्पन्न करने का महान **पर्व** है, जिससे यह प्रेरणा प्राप्त होती है कि **वीर** व्यक्ति के लिए संसार में कुछ भी असंभव नहीं है और जिन्होंने भी **नृसिंह साधना** सम्पन्न की है उनके लिए शमशान साधनायें, वीर

साधनाये, वैताल साधनायें, महाविद्या साधनायें सम्पन्न करना अत्यन्त सरल हो जाता है क्योंकि तीव्र साधनायें करने से पहले आत्मबल का जागरण भी आवश्यक है और यह आत्मबल आता है **नृसिंह साधना** करने से अपने जीवन को **नृसिंह** बनाने से।

नृसिंह का तात्पर्य है जो नर अर्थात् मनुष्यों में भी सिंह की भांति हो, जिस प्रकार जंगल में **सिंह** बिना रोक-टोक, निर्भय और गर्व से विचरण करता है उसी प्रकार **मनुष्य** भी अपने जीवन की **बाधाओं** पर **विजय** प्राप्त करता हुआ सिंह के समान जीवन जिये जिसे किसी भी प्रकार की **आशंका, डर** और **भय** नहीं हो।

नृसिंह के रूप को समझने से पहले जो पुराणों में इनकी अवतार कथा आती है उसे समझना भी आवश्यक है, जिससे यह ज्ञान होता है कि किस प्रकार विष्णु के अवतार **नृसिंह** अपने भक्तों पर **कृपा** कर उसे पूर्णता प्रदान करते हैं।

भगवान **नृसिंह वराह अवतार** के रूप में पृथ्वी का उद्धार करने हेतु **भगवान वराह** ने **हिरण्याक्ष** का वध किया था, इससे उसके बड़े भाई **हिरण्याकश्यप** अत्यन्त दुःखी हुआ और उसने अजेय होने का संकल्प लिया, भारी तपस्या कर सारी सिद्धियां प्राप्त कर ली और **ब्रह्मा** द्वारा उसे सारे वरदान प्राप्त हुए।

मैंने कहा, कोई बात नहीं, मूर्ख हूं तो मूर्ख ही सही। भले ही समुद्र में डूब करके मर जायेंगे, लेकिन कूद कर तो देखेंगे। पर पांव तुम्हारा मजबूत रहेगा तो तुम सफलता पाओगे। तुम्हारे पांव कमजोर हैं, तुम औरों की बातों पर विश्वास करके चलोगे तो तुम्हारी साधना बर्बाद हो ही जायेगी। आप कमजोर हैं तो आप इस रास्ते पर चलिये ही मत, यह आपका रास्ता है ही नहीं। आप अपनी पैंट पहनिये और नौकरी पर जाइये, चुपचाप आँख नीची करके घर आइये, पत्नी थैला देकर कहे की सब्जी लेकर आइये, चुपचाप सब्जी लाकर घर में रखिये, पत्नी जब भी हल्ला करे तो चुपचाप रहिये और रात को सो जाइये। यह रास्ता सीधा है, इसमें खतरा कम है।

...और मैं जो रास्ता बता रहा हूँ, उसमें **खतरा** बहुत है। यह बहुत **तेज तलवार की धार** की बात है, **हिम्मत** की बात है और **उच्चता, श्रेष्ठता, सफलता** की बात है। तुम्हारे जैसे लोग और नहीं होंगे। तुम **अद्वितीय** बनोगे। तुम अपना जीवन मुझे सौंपो, मैं तुम्हें अद्वितीय बना दूंगा, ऐसा पृथ्वी पर कोई नहीं होगा। विश्वामित्र ने ऐसा कहा दशरथ को, पर साथ ही यह भी कह दिया कि जरूरी है कि राम, लक्ष्मण मुझे ही गुरू मानें, मेरा ही कहना मानें। दशरथ तुमसे मिलने भी नहीं आये, न तुम मिलने जाओगे और दशरथ ने कहा- मैं इनसे मिलने नहीं आऊंगा और न कोई घर का, इन्हें मिलने आयेगा। ये मेरे घर तब तक वापस नहीं आयेंगे जब तक तुम पूरा संस्कार नहीं कर लोगे।... मगर आप इन्हें अद्वितीय बनाये और मैं इन्हें मिलने नहीं आऊंगा, चाहे बहुत प्रिय **राम** हैं और बहुत प्रिय **लक्ष्मण** है!

और ऐसा ही दशरथ ने किया। मैं भी वही बात तुम्हें कह रहा हूं कि परिवार की चिंता तुम मत करो औरों पर विश्वास मत करो, जो मैं कह रहा हूं उस बात पर विश्वास करो, जब तक मैं तुम्हें अद्वितीय न बना दूं।... और मैं तुम्हें अद्वितीय बना दूंगा, यह तुम्हारे मेरे बीच **वचनबद्धता** है। गारंटी के साथ बनाऊंगा, यह मेरा विश्वास है।

आप कल्पना कीजिये, राजा दशरथ के बुढ़ापे में संतान हुई और वह केवल दस साल का लड़का राम, उसे जंगल में भेज दिया जहां पर **राक्षस** बैठे थे, जहां **तकलीफें** थी। राजा के महलों में रहने वाला राजकुमार, जंगल में खाक छाने और विश्वमित्र जैसे क्रोधी व्यक्ति के साथ में। **दशरथ** को **विश्वास** था कि यहां रहने पर तो केवल एक राजकुमार बनकर रह जायेगा, वहां जायेगा तो **भगवान** बन जाएगा।



भगवान तुम भी बन सकते हो, भगवान कोई पेट में से पैदा नहीं होते, अपने **कार्यों से** भगवान बनते हैं। पैदा तो सब एक से ही होते हैं, चाहे आप हों या **राम** हों, या **लक्ष्मण** हों, या **मैं** हूं, चाहे **कृष्ण** हों। उसके बाद उन्होंने **कितनी रिस्क** ली है, कितनी जिन्दगी में **तकलीफ** उठाई है, कितने **खतरे** उठाये हैं उससे वे भगवान बनते हैं। अद्वितीय आप भी बन सकते हैं, मगर पैसों के माध्यम से नहीं। पैसों के माध्यम से भगवान!... तो आज बिड़ला और टाटा भगवान हैं ही। ऐसे भगवान नहीं बन सकते। भगवान बनने का रास्ता है तुम्हारी **नैतिकता,** तुम्हारी **चैतन्यता,** तुम्हारे **मंत्र,** तुम्हारे **ज्ञान,** तुम्हारी **चेतना** और **देवताओं** को अपने साथ लेने की क्षमता। जीवन के दो हेतु हैं, दो तरीके हैं और दोनों के ही माध्यम से जीवन को पार किया जा सकता है। चाहे आप हों या मैं हूं, चाहे **साधु** हों या **संन्यासी** हों।

कुछ लोग ऐसे होते हैं जो घिसी- पिटी जिन्दगी जी कर पूरा जीवन व्यर्थ कर देते हैं। ऐसे 60 प्रतिशत लोग हैं। उनमें हिम्मत, जोश होता ही नहीं।... और जो चैलेंज लेने का भाव नहीं होता और जो चैलेंज नहीं ले सकता वह जीवन में **सफल** नहीं हो सकता, जीवन में **सफलता** के लिए आवश्यक है, किसी बात का **चैलेंज** लें। आप जिस भी क्षेत्र में जायें उच्च कोटि के बनें। साधक बनें तो ऐसा साधक बनें कि पूरा भारत आपको याद करे। ज्योतिषी के क्षेत्र में हो तो आप नम्बर वन ज्योतिषी हों, जो कुछ करें उच्च हो।...और ऐसा होने में रिस्क बहुत है और जो खतरों से जूझ नहीं सकता वह मनुष्य नहीं हो सकता, वह पशु है।

हमारे जीवन का सार एक आधार भोग है, एक मोक्ष है। **एक रास्ता मोक्ष की ओर जाता है**- ये **साधु-संन्यासी, योगी, तपस्या** करते हैं, साधना करते हैं। अब इनमें से कितने साधु सही होते हैं, मैं नहीं कह सकता। भगवा कपड़े पहनने से कोई

साधु नहीं होता, लंबी जटा बढ़ाने से कोई साधु नहीं होता। **साधु तो वह होता है जिसमें आत्मबल हो, जूझने की शक्ति हो, जो देवताओं को अपनी मुठ्ठी में रखने की क्षमता रखता हो।**

साधयति सः साधु

जो अपने शरीर को, मन को साध लेता है वह साधु है।

जो खुद ही हाथ जोड़कर कहे- तुम मुझे दस रूपये दे दो, तुम्हारा कल्याण हो जायेगा, वह साधु नहीं हो सकता। उन लोगों में है ही नहीं **आत्मबल**। आत्मबल एक अलग चीज है, जो लाखों लोगों की भीड़ में खड़े होकर चैलेंज ले सकता है। अगर मंत्र क्षेत्र में हो तो कह सकता है कि संसार में कोई मेरे सामने आकर खड़ा हो, मैं चुनौती स्वीकार करता हूँ, ऐसी **हिम्मत**, ऐसी **क्षमता**, ऐसी आँख में चिंगारी होनी चाहिये। उसकी बोली में क्षमता होनी चाहिये। ऐसा व्यक्ति सही अर्थों में साधु भी हो सकता है और मोक्ष भी प्राप्त कर सकता है।

मोक्ष प्राप्त करना इतना आसान नहीं है और मोक्ष प्राप्त करने के लिए जंगल में जाने की जरूरत नहीं हैं, हिमालय में जाने की भी जरूरत नहीं है। **जो सभी बंधनों से मुक्त हो, वह मोक्ष है।**... और आपके जीवन में कोई बंधन है। लड़की की शादी करनी है, बीमारी से छुटकारा पाना है। घर में कलह है- ये सब बंधन है। उन बंधनों से मुक्त होना ही मोक्ष कहलाता है। मोक्ष का मतलब यह नहीं, कि मरने के बाद जन्म ले ही नहीं। हम तो कहते हैं, वापस जन्म लें, वापस लोगों की सेवा करें, चैलेंज स्वीकार करें और **अद्वितीय** बनें। हम क्यों कहें कि हम वापस जीवन नहीं चाहते। हम हजार बार जन्म लेना चाहते हैं, हजार बार जीवन में चैलेंज लेना चाहते हैं और जीवन में सफल होना चाहते हैं। **मोक्ष का अर्थ यह नहीं कि पुनर्जन्म हो ही नहीं।** मोक्ष का अर्थ है, हम जीवन में सारे बंधनो से मुक्त हो जाये।... और ऐसा व्यक्ति गृहस्थ में रहते हुए भी साधु हो सकता है, भगवान कपड़े पहने हुए भी गृहस्थ हो सकता है। साधु हो और उसकी आंख ठीक नहीं हो, गंदगी हो आंख में, उसमें लालच की वृत्ति हो तो वह गृहस्थ से भी गया बीता व्यक्ति है। कम से कम यह तो है ही हम गृहस्थ हैं, हमारी आंख गंदी हो सकती है, हम कु दृष्टि से देख सकते हैं। मगर वे साधु हैं, अगर वे ऐसे लालची होंगे तो साधुत्व ही समाप्त हो जायेगा। इसलिये साधुओं के प्रति हमारे जीवन में आस्था कम हो गई है। इसलिये उनके प्रति सम्मान कम हो गया है।

या तो एक रास्ता है मोक्ष का और दूसरा रास्ता है भोग का। भोग का मतलब है कि हम गृहस्थ बनें, हमारी पत्नी हो, पुत्र हों, बंधु हों, बांधव हों, यश हो, सम्मान हो, पद हो, प्रतिष्ठा हो और हम अपने आप में अद्वितीय बनें। यदि ऐसा नहीं कर सकते तो फिर घिसा-पिटा जीवन जीने का मतलब ही नहीं है।

आपके मन में कभी चेतना पैदा नहीं होती कि कुछ **अद्वितीय** करूं! इसलिये पैदा नहीं होती कि आपके जीवन में उत्साह समाप्त हो गया है, तुम्हारे जीवन में गुरू रहे नहीं जो तुम्हें कह सकें कि यह सब **गलत** है। जीवन जीने के लिये तो एक चुनौती का भाव होना चाहिये, एक आकाश में उड़ने की क्षमता होनी चाहिये। एक तोता है, पिंजरे में बंद है। चांदी की शलाकाये बनी हुई हैं और बड़ा सुखी है, उसको तकलीफ है ही नहीं, खतरा है ही नहीं। उसको अनार के दाने खाने को दे रहा है मालिक, बोल मिट्ठू राम-राम, वह कहता है- राम-राम। उसको बाहर निकालते हैं, नहलाते हैं, पंख पोंछते हैं और वापस पिंजरे में बंद कर देते हैं।... और एक तोता है, जो पचास साठ किलोमीटर उड़ता है, उसे अनार के दाने खाने को नहीं मिलते, उसके पैरों में घुंघरू नहीं बंधे, मगर वह जो उसे आजादी है, वह उस तोते को नहीं मिल सकती जो चांदी के पिंजरे में बंद है। वह **आनन्द** उस पिंजरे में बंद तोते को नहीं मिल सकता, और तुम भी वैसे ही पिंजरे में बंद तोते हो। तुम्हारें मां-बाप, भाई-बहन ने तुम्हें पिंजरे का एक तोता बना दिया है और उसमें आप बहुत खुश हैं। आपको हरी मिर्च और अनार के दाने खाने को मिल रहे हैं और कभी आप उस तोते को पिंजरे के बाहर निकालिये, वह तुरन्त उस पिंजरे में वापस घुस जायेगा। वह बाहर खतरा महसूस करता है कि मर जाऊंगा, कोई बिल्ली खा जाएगी।



...और तुम भी एक दो मिनट निकाल कर गुरूजी के पास आते हो और फिर वापस अपने घर में घुस जाते हो। गुरूजी ने जो कहा उसमें खतरा है, मंत्र जप सब गड़बड़ है। वापस अपने पिंजरे में घुसे- पत्नी भी खुश, आप भी

खुश। पत्नी को चिंता है कि चला जायेगा गुरूजी के पीछे, साधु बन जायेगा, कोई भरोसा नहीं है। पत्नी कहती है, तुम्हें क्या **तकलीफ** है? चाचा भी कहते हैं, मामा भी कहता है, मां भी कहती है और आप वापस उस जीवन में घुस जाते हैं, जो पूरी जिन्दगी की गुलामी है। तुमने कभी आकाश को नापने की हिम्मत नहीं की, इसलिये तुम वह आनन्द नहीं उठा सकते। उसके लिये तो तुम्हें चैलेंज उठाना पड़ेगा जीवन में। तुमने मानसरोवर में डुबकी लगाई नहीं, तो तुम्हें क्या पता लगेगा कि मानसरोवर की गहराई क्या है, उसका आनन्द क्या है? मैं ऐसा नहीं कह रहा कि तुम गृहस्थ से अलग हट जाओ। गृहस्थ में रहो, मगर **संन्यासी** की तरह रहो। गृहस्थ में रह रहे हो तो इस भाव से, कि मैं संसार में आया हूं और सब अपना खेल, खेल रहे हैं। मैं देख रहा हूं और मुझे तटस्थ रहना है।

मेरे **गृहस्थ शिष्य** हैं, तो मुझे उन्हें बताना ही होगा कि कैसे जीवन व्यतीत करना है। मैं उन्हें संन्यासी नहीं बना सकता। संन्यासी बनने के लिए और साधना करने के लिए कोई **हिमालय** में जाने की जरूरत नहीं है। हम गृहस्थ में रहते हुए भी उन **साधनाओं** को कर सकते हैं...और भोग का अर्थ है– **धन, ऐश्वर्य, पूर्णता**...और उसका आधार है **लक्ष्मी**। बिना लक्ष्मी के गृहस्थी नहीं चल सकती। यदि तुम्हारे घर में आटा नहीं है तो तुम ध्यान लगाकर नहीं बैठ सकते। उसके लिए भी जरूरी है, तुम पहले ऐश्वर्यवान बनो। इतना धन हो कि तुम्हें याचना करने की जरूरत न पड़े। इतना धन हो कि सारी समस्याओं से मोक्ष प्राप्त कर लें। जब ऐसी स्थिति बनेगी तो तुम ध्यान भी कर सकोगे साधना भी कर सकोगे। मगर लक्ष्मी पहला आधार है और उसके बिना आपके जीवन में **पूर्णता** आ नहीं सकती।

जीवन में अद्वितीय बनने के लिए केवल छः महीने बहुत हैं, पचास साल जरूरी नहीं है। अगर छः महीने पूरी क्षमता के साथ **साधना** करें तो हम पूर्णता प्राप्त कर सकते हैं, सफलता प्राप्त कर सकते हैं, अपने जीवन में **देवताओं** को देख सकते हैं परन्तु उसके लिए एक चैलेंज, एक क्षमता आपमें आनी चाहिये, प्रत्येक गांव में गुरू पहुंचे यह चैलेंज उठाना चाहिये, जिससे आप लाभ उठा सकें और औरों को भी लाभ हो सके।

आपके **मन** में लोगों ने एक **भय** पैदा कर दिया है कि **साधना** करोगे तो बर्बाद हो जाओगे, साधु बन जाओगे, साधना में सफलता मिलेगी नहीं।...और तुम्हारे मन में जो भय है तो पांच सौ गुरू भी आ जाये तो वे इस भय को नहीं मिटा सकते। किसी पत्रकार ने मुझसे पूछा कि क्या पूर्व जन्म होता है? मैंने कहा– होता है, आपका पिछला जीवन मुझे याद है, बिना पिछले जन्म के सम्बन्ध के आप मुझे जान ही नहीं सकते थे। यह संभव ही नहीं था। पिछले जीवन के सम्बन्ध ही इस जीवन में बनते हैं। मैं पिछले जीवन में भी आपका गुरू था और इसीलिये कहता हूं कि **साधना का रास्ता** ही आपका रास्ता हैं और चैलेंज के साथ साधना करोगे तो लक्ष्मी तो एक मामूली बात है, **सम्पूर्ण देवता** आपके सामने खड़े हो सकते हैं। जब **राम** और **कृष्ण** और **बुद्ध** के सामने खड़े हो सकते हैं तो आपके सामने भी खड़े हो सकते हैं।

शंकराचार्य ने कहा– **अहं ब्रह्मास्मि।**

मैं खुद ब्रह्म हूं।

और मैं भी वही कहता हूं, तुम खुद ब्रह्म हो। मगर तब, जब तुम्हें अपना पूरा **ज्ञान** हो। अगर हम जीवन में **चैलेंज** लेकर आगे बढ़ते हैं तो निश्चय ही हम सफलता प्राप्त करते हैं और ऐसे सैकड़ों उदाहरण मेरे सामने हैं कि उन **शिष्यों** ने एक चैलेंज लिया और वे सफल हुए। मेरे हृदय पटल में तो हजारों नाम हैं जिन्होंने **धारणा** को लेकर कार्य किया और सफलता प्राप्त की। आप किस प्रकार का जीवन जीना चाहते हैं वह तो आप पर निर्भर है। मैं तो आपको सिर्फ समझा सकता हूं, मैं आपको अहसास करा सकता हूं कि जीवन का **आनन्द** क्या है? और साधना द्वारा हम उस स्थान पर पहुँच सकते हैं जहां विरह होता ही नहीं। हम आँख बंद कर चिंतन करते हैं तो **गुरू** हमारी आँखों के सामने साक्षात् हो जाते हैं। साधना के माध्यम से हम **प्रभु** के चरणों में पहुँच सकते हैं। आपके जीवन में ऐसा **आनन्द** हो, ऐसा **संतोष** हो, आपके जीवन में **पूर्णता** हो, आप भी ध्यान लगाने कि प्रक्रिया में संलग्न हो सकें, अपने **इष्ट** के दर्शन कर सकें और अपने आपको पूर्ण रूपेण **गुरू चरणों** में समर्पित करते हुए उस ज्ञान को प्राप्त कर सकें जो हमारे पूर्वजों की धरोहर थी, ऐसा ही मैं आप सबको हृदय से **आशीर्वाद** देता हूँ।

परम पूज्य सद्गुरूदेव
कैलाश श्रीमाली जी

रूद्रशः महामृत्युंजय शक्तिपात दीक्षा

जब **मन** और **शरीर** में **पीड़ा** होती है तो **एकमात्र शिव** ही अपने **रूद्र** रूप में उन **पीड़ाओं, व्याधियों** का हरण कर साधक के सभी **रूदन** समाप्त कर **भक्त के चित्त** में प्रसन्नता का संचार करते हैं। इसीलिये रूद्र को **सृजनकर्त्ता** और **संहारकर्त्ता** कहा गया है। भगवान शिव ही रूद्र रूप में साधक के शरीर और मन की **दुर्बलता** दूर करते हैं, उसके जीवन के दुःखों का नाश करते हैं और उसमें शुद्ध भावों का संचार कर **श्रेष्ठताओं** से युक्त बनाते हैं।

इसीलिये भगवान रूद्र की प्रार्थना में कहा गया है–

सर्वो वै रूद्रस्तस्मै रूद्राय नमो अस्तु, पुरूषो वै रूद्रः सन्महो नमो नमः।

विश्वं भूतं भुवनं चित्रं बहुधा जातं जायमानं च यत्, सर्वो ह्येष रूद्रस्तस्मै रूद्राय नमो अस्तु।

जो **रूद्र उमापित** हैं, वही सब शरीरों में **जीव रूप में** प्रविष्ट हुये हैं, उनको हमारा प्रणाम। **रूद्र ही पुरूष है, वह ब्रह्मलोक में ब्रह्मा से, प्रजा पतिलोक में प्रजापति के रूप से, सूर्यमण्डल में विराट रूप में तथा देह में जीव रूप से स्थित हैं, उन महान सच्चिदानन्द स्वरूप रूद्र को बारम्बार नमस्कार।**

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरभ्यो घोरघोरतेभ्यः सर्वेभ्यः सर्वशर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रूद्ररूपेभ्यः॥

जो अघोर हैं, घोर है, घोर से भी घोरतर है और जो **सर्वसंहारी रूद्र** रूप हैं, आपके सभी स्वरूपों को नमस्कार है।

मनुष्य जीवन की प्रथम आवश्यकता है, मन और तन का स्वस्थ होना, स्वस्थ शरीर से ही हमारे मन की **वृत्तियां स्वस्थ** होती हैं, स्वस्थ मन से श्रेष्ठ इच्छाओं की उत्पत्ति होती है, श्रेष्ठ इच्छाओं से क्रिया शक्ति में वृद्धि और क्रिया शक्ति से ही श्रेष्ठ फल की प्राप्ति होती है। इसीलिये शरीर और मन दोनों का स्वस्थ होना अति आवश्यक है, क्योंकि जीवन की प्रत्येक क्रिया इनके द्वारा ही संचालित होती है। साथ ही **स्वस्थ** और **प्रसन्न** व्यक्ति के शरीर में **शक्ति, स्फूर्ति** और **बल** का प्रवाह तीव्र रहता है और उसी से **मन, वचन, कर्म** में एकता रहती है। जब तीनों में एकता का सामंजस्य होता है, तो जीवन **श्रेष्ठमय** बनता है।

स्वः प्रयास से तो मनुष्य निरन्तर प्रयत्न करता है कि उसे **स्वस्थ देह** और **स्वस्थ मन** की प्राप्ति हो, परन्तु इस घोर **भौतिकतावादी** संसार में **विकृतियां** जकड़ ही लेती हैं। **गलत खान-पान, दूषित वातावरण, सामाजिक गरिमा में ह्रास, मर्यादाओं का उल्लघंन, उत्तेजित दृश्य** आदि ऐसे कारण होते हैं, जिनसे तन व मन में अस्वस्थता आ ही जाती है। ऐसे में आवश्यक है कि **चिंतनशील साधक शक्तिमान परमपिता परमेश्वर शिव** से **शक्ति तत्व** ग्रहण कर अपने रोम-प्रतिरोम में आत्मसात करे, क्योंकि एकमात्र शिव का रूद्र स्वरूप ही जीवन के सभी रूदन भाव अर्थात् **व्याधियों, विकृतियों** को जड़ मूल से समाप्त करने वाले देव हैं।

रूद्रशः महामृत्युंजय शक्तिपात दीक्षा से **साधक** जीर्ण-शीर्ण मन-देह से निजात पा लेता है, उसका शरीर **आरोग्यमय चेतना** से आप्लावित होता है, साथ ही मन की अनेक विकृतियां समाप्त हो जाती हैं। जिससे तन-मन में सामंजस्य स्थापित होता है और साधक अपने प्रत्येक क्रिया को पूरी **एकाग्रता** व **श्रेष्ठता** से सम्पन्न कर सभी प्रकार की सफलताओं से युक्त होता है।

न्यौछावर ₹ 1500/-

तीन पत्रिका सदस्य बनाने पर यह दीक्षा उपहार स्वरूप प्रदान की जायेगी।

इच्छुक दीक्षा प्राप्त करने वाले साधक का नाम एवं पता

नाम ....

....

अपनी फोटो व तीन पत्रिका सदस्य का पूर्ण पता न्यौछावर राशि के साथ कैलाश सिद्धाश्रम जोधपुर भेजें।

मेष

01 से 06 फरवरी तक- शांत मन से अपने सिद्धान्तों का विश्लेषण कर उचित परिवर्तन करें। मौसम के अनुसार आहार सेवन करें व पर्याप्त मात्रा में पानी जरूर पियें। घर में कोई घरेलु कार्य में व्यस्त रहेंगे। **शत्रु** सक्रीय रहेंगे, प्रतिकूल फल प्राप्त हो सकता है, सतर्क रहे। कोई बुरी आदत को त्याग करने व सम्मोहनीय व्यक्तित्व प्राप्त करने की कोशिश करेंगे पर असफल होंगे। आप **स्वसम्मोहन दीक्षा** ग्रहण करे, सफल होंगे।

न्यौछावर ₹1600

07 से 13 फरवरी तक- समय लक्षयदायक है। कोई पुराना फंसा हुआ धन इस समय प्राप्त होगा। परिवार के साथ शिव जी के दर्शन करेंगे। आप योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे लेकिन अधिकतर समय **असफलता** ही प्राप्त होगी। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव हो सकता है। परिवार के लोगो में छोटी-मोटी विवाद संभव है।

14 से 20 फरवरी तक- बात करते समय सोच विचार कर बात करें। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। सरकारी काम में आ रही बाधायें समाप्त होंगी। विद्यार्थी वर्ग के लिये समय श्रेयस्कर है। कोई अज्ञात भय सतायेगा। बड़े बुजुर्गों का स्वास्थ्य को लेकर अस्पताल का चक्कर काटना पड़ सकता है। आकस्मिक धन हानि होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आंतरिक चेतना में विकास होगा।

21 से 28 फरवरी तक- समय सुखपूर्वक रहेगा। व्यवसाय में **लाभ** की प्राप्ति होगी। व्यवसाय में विकास हेतु कोई नई मशीन आदि खरीद सकते हैं। कर्मचारियों के साथ अच्छा ताल-मेल बिठायेंगे साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ऋण की व्यवस्था बनायेंगे।

शुभ तिथियां 14,19,23,24

वृष

01 से 06 फरवरी तक- मास की शुरूआत शुभदायक रहेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपके उन्नति का मार्ग खुलेगा। शांतिदायक दिन रहेगा। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कभी-कभी मानसिक तनाव हावी हो सकता है। देह कष्ट या दुर्घटना की संभावना है, वाहन चलाते समय सतर्क रहें। **जगदम्बा रक्षा कवच** धारण करें। न्यौछावर ₹360

07 से 13 फरवरी तक- आप किसी साजिश, षड्यंत्र या गुप्त योजना के शिकार होंगे। हाथ में पैसा आता-आता रूक जायेगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। घर में भी **कलहपूर्ण** वातावरण रहेगा। गलतफहमियों से मन उदास रहेगा। किसी अंजान व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें नुकसान हो सकता है। जमीन-जायदाद संबंधी समस्या किसी मध्यस्थता से सुलझ सकता है। आपके लिये **स्वर्णाकर्षण भैरव दीक्षा** उपयुक्त रहेगा। न्यौछावर ₹1800

14 से 20 फरवरी तक- रोजी-रोजगार में अनावश्यक **बाधायें** आयेगी। अधिकार करने की प्रवृति अधिक रहेगी। उच्च अध्ययन, अनुसंधान व शोध आदि में व्यस्तता रहेगी। आपका पूरा ध्यान व्यवसाय पर रहेगा। कोई एक बड़ा सौदा प्राप्त हो सकता है। नौकरी पेशा वर्ग के लिये उन्नति प्राप्त करने का मौका मिलेगा। ग्राहकों को संतुष्ट करने के लिये नयी योजना बनायेंगे। परिवार के लिये समय निकालना मुश्किल हो सकता है।

21 से 28 फरवरी तक- धन आगमन होगा पर स्थायी रूप में नहीं रह पायेगा। सहकर्मी से जो मनमुटाव था वह समाप्त होगा। मन में सुकून मिलेगा। लम्बे समय से अटके हुये काम इस समय कोशिश करने पर पूरे हो जायेंगे।

शुभ तिथियां 11,13,18,21

मिथुन

01 से 06 जनवरी तक- माह का प्रथम दिन प्रेममय रहेगा। पति-पत्नी के बीच प्रेम का भाव विद्यमान रहेगा। सास बहु के बीच कोई **गलतफहमियां** पैदा हो सकती है। काम बनता-बनता रूक व अटक जायेगा। नौकरी में पदोन्नति का योग बन रहा है। आर्थिक मामले में सतर्क रहें।

07 से 13 जनवरी तक- शोध, अध्ययन, अनुसंधान व सूचना के आदान-प्रदान का समय है। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। निवेश लाभदायक हो सकता है। दूसरी आय का मार्ग खुलेगा। आपकी कडी मेहनत का फल प्राप्त होगा। कोई नया कार्य शुरू करने के लिये समय उचित है। आप पूरी निष्ठा से अपने काम को पूर्णता देंगे। साझेदारी के साथ अच्छे संतुलन बिठायेंगे। अधिकारी आपके काम से संतुष्ट रहेंगे। दिन शुभदायक रहेगा।

14 से 20 जनवरी तक- समय आपके प्रतिकूल है। अनावश्यक कार्यों में समय व्यतीत होगा। काम का भारी दबाव आप पर बना रहेगा। आप कोई गलत निर्णय लेंगे जिससे आर्थिक रूप से भारी नुकसान हो सकता है। शत्रु आपकी परिस्थिति का पूरा फायदा उठायेंगे। मानसिक पीड़ा सतायेगी। घर में भी **कलहपूर्ण** वातावरण रहेगा। आप **ज्वाला मालिनी दीक्षा** ग्रहण करे, बाधायें भस्म हो जायेंगी।

न्यौछावर ₹1600

21 से 28 जनवरी तक-स्थितियों में परिवर्तन आयेगा। कुछ रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। धार्मिक गुरू व महात्माओं के दर्शनों का लाभ प्राप्त होगा। आय की तुलना में खर्च ज्यादा होगा। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी कष्ट दे सकती है। आप **महाकाली साधना** सम्पन्न करें।

साधना सामग्री न्यौछावर ₹480

शुभ तिथियां 16,18,21,25



कर्क

01 से 06 फरवरी तक- माह का आरम्भ उतना अच्छा नहीं है। आपके मन में किसी बात को लेकर डर व्याप्त रहेगा। आप अपनी भूल का खेद भी नहीं कर पायेंगे। आपको भावनाओं के तूफान में बहने से बचना होगा। आप ब्रह्माण्ड के गूढ़ रहस्यों के बारे में विचार करेंगे। आप इस समय लोगों के बीच रहने से ज्यादा किसी एकान्त स्थान में समय बिताना पसंद करेंगे।

07 से 13 फरवरी तक- आप धन प्राप्ति के प्रयास में सफल रहेंगे। व्यापार में अग्रसर होने का अवसर प्राप्त होगा। कोई नये मेहमान का आगमन हो सकता है। किसी समारोह में व्यस्त रहेंगे। आप हर कार्य को व्यवस्थित ढंग से करना चाहेंगे, इस हेतु पत्नी के साथ विवाद होगा। पुराना फंसा धन इस समय प्रयास करने से प्राप्त हो जायेगा। स्वस्थ शरीर हेतु जीवनशैली में योग, ध्यान आदि शामिल करें। बच्चों के साथ व्यस्थ रहेंगे।

14 से 20 फरवरी तक- समय आपके अनुकूल नहीं है। **शत्रु** सक्रीय रहेंगे। कोई घोर संकट की संभावना है। किसी के शब्दों के जाल में न फंसे, विश्लेषण करने के बाद ही भरोसा करें। परिवार का साथ मिलेगा। आप शिवरात्रि पर **'महाकाल महामृत्युंजय दीक्षा'** प्राप्त करें।

न्यौछावर ₹ 1500

21 से 28 फरवरी तक- श्रेष्ठ कार्यों को सम्पन्न करेंगे। पुराना रोग उबर सकता है। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी चुनौतियों का सामना करने के लिये आप तैयार रहेंगे जिससे आप उस रास्ते पर तेजी से अग्रसर होंगे। समय लाभदायक रहेगा। सरकारी निवेश के लिये समय अनुकूल है। पारिवारिक वातावरण प्रेममय रहेगा। यात्रा में अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

शुभ तिथियां 02,21,26,30

सिंह

01 से 06 फरवरी तक- यह समय लाभदायक साबित होगा। आपका पराक्रम श्रेष्ठ रहेगा। कार्य योजनायें सफल होंगी। परिश्रम का श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होगा। धनागमन के नये साधन मिलेंगे। करियर और व्यवसाय में उन्नति होगी। मन में प्रसन्नता का भाव विद्यमान रहेगा।

07 से 13 फरवरी तक- आप इस समय जमीन-जायदाद का सौदा कर सकते हैं। घर के लिये कोई नवीन वस्तु खरीदेंगे। आप कार्यालय में कोई गलत निर्णय ले लेंगे जिससे उच्चाधिकारियों की डांट सुननी पड़ेगी। आपको इस समय शत्रुओं से भी बच के रहना होगा। भाइयों व परिवार से सहयोग प्राप्त होगा। किसी से साधारण विवाद हो सकता है। इस समय आप **धूमावती साधना** सम्पन्न करें, शत्रु दूर हो जायेंगे। **न्यौछावर ₹ 1500**

14 से 20 फरवरी तक- यह सप्ताह शानदार व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी ईश्वर में आस्था बढ़ जायेगी। अधिकारियों से मित्रता लाभप्रद रहेगी। प्रशासनिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आप इस समय बच्चों की जरूरतों को पूरा करेंगे।

21 से 28 फरवरी तक- पुरानी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। भाग्य का उदय होगा तथा मन को सुकून मिलेगा। राजनीतिज्ञों के लिये समय अनुकूल रहेगा। धन प्राप्ति का समय होगा। संपत्ति से लाभ, सुखद सूचनायें प्राप्त होंगी। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रायें सुखद होंगी। संतान द्वारा शुभ समाचार प्राप्त होगा। **खांसी, जुकाम, सिर दर्द** आदि मौसमी बिमारियां आ सकती है सतर्क रहें। अध्ययन कार्यों में रूची रहेगी। कोई मन पसंद पुस्तक भी खरीदेंगे।

शुभ तिथियां 09,14,16,21

कन्या

01 से 06 फरवरी तक- दिन सामान्य रहेगा। शिवरात्रि के पावन अवसर पर परिवार सहित शिवजी का दर्शन कर धन्य होंगे। लम्बी दूरी की यात्रायें कष्टकारी हो सकती है। नाम व प्रसिद्धि पाने के लिये संघर्ष करना पड़ेगा। पिता के साथ किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, सतर्क रहें।

07 से 13 फरवरी तक- मानसिक शांति मिलेगी। लम्बे समय से चली आ रही समस्या दूर होगी। पति-पत्नी में सामंजस्य बनेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सम्पर्क बनेगा जिससे आपका आत्मविश्वास बढेगा। नये व्यवसायिक अनुबंधन होंगे। आप छोटी-छोटी सी बात पर किसी से उलझ पड़ेंगे। **शत्रुओं** से सतर्क रहें। कुछ नये-नये करने की प्रवृति रहेगी। मेहमानों का आगमन होगा व आप उनके स्वागत-सत्कार में व्यस्त रहेंगे।

14 से 20 फरवरी तक- राजकीय कार्य में सफलता प्राप्त होगी। तय किये गये लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये प्रयासरत रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की संभावना है। आप **'कृष्ण मोहिनी दीक्षा'** ग्रहण करे, परिस्थिति आपके अनुकूल निर्मित होगी। **न्यौछावर ₹ 1500**

21 से 28 फरवरी तक- रूका हुआ काम इस समय पूरा हो जायेगा। आप **षड्यंत्र** का शिकार हो सकते हैं। पदोन्नति में अड़चन आयेगी। कोई सरकारी विभाग का काम रूक सकता है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। समय मिश्रित फलप्रद रहेगा। किसी पारिवारिक सदस्य से मतभेद हो सकता है। पैसा आने से पहले जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप **'नृसिंह दीक्षा'** ग्रहण करे, विकट परिस्थितियों से बच सकते हैं।

न्यौछावर ₹ 1500

शुभ तिथियां 04,09,11,15

तुला

01 से 06 फरवरी तक- किसी यात्रा पर जा सकते है और यात्रा का फल भी प्राप्त होगा। गुरूजनों के प्रति मन में आदर का भाव रहेगा और उनकी कृपा से यश, पद, प्रतिष्ठा आदि प्राप्त करेंगे। समय आपके अनुकूल है। इस समय शुरू किया हर कार्य सफल होगा। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

07 से 13 फरवरी तक- समय आपके प्रतिकूल है। कार्य पूरे होने में ज्यादा समय लगेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें अन्यथा अनावश्यक खर्च आ सकता है। मेहमानों का आगमन होगा। आपकी परेशानी बढ़ जायेगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव अधिक रहेगा। जमीन-जायदाद से संबन्धित समस्या किसी मध्यस्थता से हल हो जायेंगे। निश्चित रूप से निर्णय आपके पक्ष में होने के लिये **'ब्रह्मास्त्र बगलामुखी दीक्षा'** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹2100**

14 से 20 फरवरी तक- इस सप्ताह आप को बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है, संयम पूर्ण निर्णय लेना हितकर होगा। व्यवसाहियों के लिये यह समय अनुकूल रहेगा। धन की वृद्धि होगी। महिलाये घरेलू कर्तव्यों का निर्वाह भलीभांति करने में सफल रहेंगी। महिलाओं के लिये यह सप्ताह अनुकूलता युक्त है। विद्यार्थी वर्ग और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वालों को सफलता मिल सकती है।

21 से 28 फरवरी तक- परिवार के लिये समय देना आपकी प्राथमिकता रहेगी। आकस्मिक धन प्राप्ति हो सकती है। सुखदायक समय व्यतीत करेंगे। आपके काम में कोई हस्तगत करना आप पसंद नहीं करेंगे। वित्तीय मामलों को लेकर आप गम्भीर रहेंगे और सफलता भी हासिल करेंगे। वाहन चलाते समय सावधानी पूर्वक चलायें अन्यथा दुर्घटना हो सकती है।

शुभ तिथिया 02,08,13,27

वृश्चिक

01 से 06 फरवरी तक- आध्यात्मिक क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी। परिवार के साथ शिव मन्दिर जायेंगे। आकस्मिक धन हानि होने की संभावना भी है। आप **''शिव शक्ति बाधा निवारण दीक्षा''** ग्रहण करें, परिस्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी।

न्यौछावर ₹ 1500

07 से 13 फरवरी तक- स्वास्थ में सुधार होगा। व्यवसाय में सतर्क न रहें तो नुकसान हो सकता है। कर्मचारी पर नजर रखें। व्यापार स्थल का नवीनीकरण करने का विचार करेंगे। काम काज में अतिरिक्त जिम्मेदारियां जिससे व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। इस समय आपको किसी उपहार की प्राप्ति होगी। परिवार के सदस्य के लिये नये वस्त्र, आभूषण या साज-सज्जा से सम्बन्धित वस्तु की खरीददारी होगी।

14 से 20 फरवरी तक- आप अपने आचरण में **सकारात्मक** बदलाव लायेंगे। मौके को पहचान कर अपनी उन्नति के लिये फायदा उठायेंगे। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। मन और शरीर में आलस्य का भाव रहेगा। **''मेधा सरस्वती दीक्षा''** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹1600**

21 से 28 फरवरी तक- नये निवेश के लिये समय उचित नहीं हैं। बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। आप उनका सतकार आदि करने में व्यस्त रहेंगे। घर में उत्सवपूर्ण माहौल रहेगा। मनोरंजन, खरीददारी आदि कार्यो में अधिक धन व्यय होगा, नियंत्रण रखें। आपकी प्रतिभा में निखार आयेगा। मेहनत के अनुसार फल प्राप्त होगा। कोई उल्लेखनीय काम नहीं हो पायेगा। दैनिक कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे और आप लम्बित पड़े कार्यो को तेजी से निपटायेंगे।

शुभ तिथियां 01,05,09,25

धनु

01 से 06 फरवरी तक- खान-पान पर ध्यान रखें अन्यथा चिकित्सालय का चक्कर काटना पड़ सकता है। निवेश अच्छी तरह से सोच-समझकर करें। प्रेम संबंधों में गलतफहमी परेशानी का कारण बनेगी। **सम्मोहन दीक्षा** ग्रहण करें अनुकूलता प्राप्त होगी।

न्यौछावर ₹1500

07 से 13 फरवरी तक- विजय सूचक दिवस रहेगा। आप अपनी मनोकामना पूर्ण कर पायेंगे। आपको सहयोगी जनों की सहायता प्राप्त होगी। जीवन के हर पहलू पर कड़ी प्रतियोगिता के कारण आप में गम्भीरता विद्यमान रहेगी। सारी रूकावटों को पार करने के बाद सफलता मिलेगी। आप इस समय स्वावलम्बी बनेंगे। अपने भविष्य के प्रति सजग रहेंगे। मेहनत थोड़ा ज्यादा ही रहेगी। किन्तु इसका फल भी आपको प्राप्त होगा।

14 से 20 फरवरी तक- यह सप्ताह विद्यार्थी वर्ग के लिये शुभदायक है। पढ़ाई में मन स्थिर रहेगा। स्पर्धा में कोई इनाम भी प्राप्त होगा। आप अपनी योग्यता और संघर्ष के आधार पर राजकीय क्षेत्र में उच्च पद प्राप्त कर सकते है। कहीं बाहर जा सकते हैं। व्यापारिक यात्रा लाभदायक साबित होगी।

21 से 28 फरवरी तक- सास-बहू में अनबन हो सकती है। मामूली-सी कहासुनी बड़े झगड़े का रूप ले लेगी सावधान रहे। आप **धार्मिक कार्यों** में रूची रखेंगे। **धनागमन** की संभावना है। आप दृढ़ संकल्प के सहारे श्रेष्ठ कार्यों को सम्पन्न करेंगे। आप रोजमर्रा के कार्यों में व्यस्त रहने के बावजूद अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर होंगे। आप बच्चों के साथ क्रोधित न होकर समझाने की कोशिश करेंगे तो अच्छा परिणाम प्राप्त होगा।

शुभ तिथियां 02,06,08,26

मकर

01 से 06 फरवरी तक- इस सप्ताह बहुत अधिक परेशानी अनुभव करेंगे। यह वह समय है, जब आपको अपने और पराये में भेद महसूस होगा। पेट संबंधी शिकायत हो सकती है, प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों के लिये और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है। पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई तथा तैयारी पर लगाना उपयुक्त होगा। भवन निर्माण की प्रगति में अनेक बाधाये बनी रह सकती है।

07 से 13 फरवरी तक- सर्वलाभकारी दिवस रहेगा। पति-पत्नी के बीच मधुरता रहेगी। आय के दूसरे स्त्रोत के लिये कोशिश जारी रखेंगे। **पैतृक सम्पत्ति** का हिस्सा मिल सकता है। समय आपके प्रतिकूल है सावधानी पूर्वक रहें। **जगदम्बा रक्षा कवच** धारण करें। आप किसी समाज सेवा या गुरू सेवा में शामिल होंगे। मन में श्रद्धा व संतुष्टि का भाव विद्यमान रहेगा। **न्यौछावर ₹ 360**

14 से 20 फरवरी तक- आप धैर्य व शांतिपूर्वक अपना काम पूरा करेंगे। आपके विश्वास और तेजस्विता में वृद्धि होगी जिससे सामाजिक रिश्ते बेहतर बनेंगे। आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी। आप में आलस्यता हावी रहेगी। प्राणायाम अवश्य करें।

21 से 28 फरवरी तक- विद्यार्थी वर्ग अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर देंगे। परीक्षा की तैयारी के लिये अतिरिक्त समय निकालेंगे। व्यापार संबंधित यात्रा हो सकती है। किसी क्षेत्र में आपका निखार होगा। आप अपना सम्पर्क का दायरा बढ़ायेंगे। आप इस समय अपना रूख नरम रखें साथ ही अनावश्यक नोक-झोक, वाद-विवाद से दूर रहें या कम-से-कम अपनी बेकाबू जुबान और अहं को नियंत्रित करने की कोशिश करें अन्यता नुकसान होगा।

शुभ तिथिया 02,18,25,26

कुंभ

01 से 06 फरवरी तक- आपके प्रयास सकारात्मक होंगे। आप जीवन के हर मोर्चे पर अपने को आगे खड़ा पायेंगे। उत्तम सम्पत्तिदायक दिवस रहेगा। जीवन साथी को कोई मन पसंद उपहार देंगे। व्यवसायिक साझेदारी के साथ गलतफहमी हो सकती है। समय सिद्धिदायक है।

07 से 13 फरवरी तक- पुराना अटका पड़ा काम इस समय पूर्ण होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। समय पूर्ण रूप से अनुकूल रहेगा। आपको धन संबंधी मामलों में शानदार सफलता मिलेगी। आपकी व्यापार/नौकरी के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी शौक रहेगा। कुछ अच्छे कार्यों का अंजाम धन प्राप्ति या इनाम के रूप में प्राप्त होगा। आप पहले से कहीं अधिक अधिकार सम्पन्न होंगे। अनावश्यक चिंताओं से बचना चाहिये।

14 से 20 फरवरी तक- आप अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें अन्यथा आपके स्वास्थ्य पर इसका बहुत बुरा असर पड़ सकता है और आपका स्वास्थ्य दिनों दिन गिर सकता है। आप कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। धन लाभ होगा। परिवार में अविवाहित युवा युवतियों के लिये विवाह सम्बन्धि चर्चा होगी। श्रेष्ठ जीवनसाथी हेतु **'शिव-गौरी विवाह प्राप्ति दीक्षा'** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 1500**

21 से 28 फरवरी तक- आध्यात्मिक जगत आपको आकर्षित करेगा। आप किसी गरीब और जरूरतमंद की मदद करेंगे जिससे मन में संतुष्टि व आनन्द की प्राप्ति होगी। समय आपका अनुकूल नहीं है। धन संबंधी मामलो पर जोर रहेगा। आप कानूनी पचड़े या मुकदमें में फंस सकते हैं। निकट लोंगो के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है या संबंध टूट सकते हैं। आप **'पीताम्बरी दीक्षा'** ग्रहण करें, परिस्थिति पर नियंत्रण प्राप्त होगा। **न्यौछावर ₹ 1600**

शुभ तिथियां 01,05,24,28

मीन

01 से 06 फरवरी तक- आप को अच्छे बुरे की पहचान सहजतः ही पता चल जायेगी। मौसम के अनुसार खान-पान करें स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा। हर कार्य में सफलता प्राप्ति होगी। धन संबंधी मामलों मे धोखा खा सकते हैं, सावधान रहें।

07 से 13 फरवरी तक- इस समय व्यापार मे कड़ी प्रतिस्पर्द्धा रहेगी। आप अपने व्यापार पर अगर गम्भीरता से ध्यान देंगे, तो लाभ का रास्ता खुलेगा। लोग आपकी मजबूरी का फायदा उठा सकते हैं। आप दूसरों पर ज्यादा भरोसा नहीं करें। इच्छित कार्य पूर्ण होगा। कोई अप्रिय समाचार प्राप्त हो सकता है।

14 से 20 फरवरी तक- यह सप्ताह संतान की शिक्षा, विवाह, कैरियर संबंधित कार्यों में बाधायें उत्पन्न करेगा, सामाजिक मान सम्मान में क्षति होगी, बेटी के ससुराल से तरह-तरह की शिकायतों से अनेक समस्या का जन्म होगा, संयम सावधानी से कार्य बरतें, सम्बन्ध और सामाजिक रिश्ते बेहतर बनाने का पूरा प्रयास करें, बेहतर होगा आप **'सावित्री सौभाग्य चैतन्य दीक्षा'** ग्रहण करें जिससे जीवन में अनुकूल स्थितियों का निर्माण होगा।

न्यौछावर ₹ 1500

21 से 28 फरवरी तक- नौकरी पेशा व्यक्तियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नई संस्थाओं से जुड़ने के अवसर प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ कहीं बाहर जाकर मौज मस्ती करने के लिये समय निकाल पायेंगे। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। धनागमन का योग है। नौकरी में आपको महत्वपूर्ण कार्यभार सौंपा जा सकता है। अपनी जरूरत की चीजों की खरीददारी में खर्च करेंगे।

शुभ तिथियां 01,21,23,27

सद्गुरू वाणी

- अणु से विराट बनाने की क्रिया केवल गुरू जानता है, मनुष्य से देवता की क्रिया केवल गुरू जानता है, मूलाधार से सहस्रार तक पहुँचाने की विद्या केवल गुरू जानता है। इसीलिये जीवन का आधार केवल गुरू है।
- प्रेम भगवान और भक्त का आंतरिक सम्बन्ध है, एक पूर्ण हृदय का हृदय से सम्बन्ध है, प्राणों का प्राणों से सम्बन्ध है, उसमें वासना नहीं है। **गुरू या ईश्वर से एकाकार होने के लिये मन में प्रेम का बीज बोना पड़ता है।**
- शिष्य यदि सच्चे हृदय से पुकार करे तो ऐसा होता ही नहीं कि उसका स्वर सद्गुरू तक न पहुंचे। उसकी आवाज गुरू तक पहुंचती ही है, इसमें कभी संदेह नहीं होना चाहिये।
- ध्यान लगाने से आत्मा परमात्मा में लीन नहीं हो सकती, मंत्र जप से भी ऐसा संभव नहीं, क्योंकि आत्मा का परमात्मा तक पहुंचने का जो रास्ता है वह वेदना का है, तड़फ का है, विरह का है, प्रेम के सागर में डूब जाने का है, तो ही जीवन में सब कुछ प्राप्त हो सकता है।
- ज्ञान, चेतना, सुख, सौभाग्य, आनन्द, मस्ती, भौतिक सफलता हो मगर तब भी यह जरूरी नहीं है कि प्रेम प्राप्त हो।
- मैं तुम्हें समुद्र में छलांग लगाने की क्रिया सिखा रहा हूं। मैं तुम्हें वह क्रिया सिखा रहा हूं कि तुम आत्म साक्षात्कार कर सको, यही प्रेम की पूर्णता है।
- यदि चारों वेदों का अर्थ स्पष्ट करूं तो चारों का सारभूत तथ्य एक ही है कि जीवन का प्रारंभ प्रेम है और जीवन का अंत भी प्रेम ही है।
- प्रेम की गहराई में उतरने का अपना ही एक आनन्द है, अपना ही एक अलौकिक सौन्दर्य है। ज्यों-ज्यों व्यक्ति प्रेम में डूबता है, उसके चेहरे की तेजस्विता बढ़ती जाती है।
- जिस क्षण गुरू यह निश्चय कर लेता है कि अब मुझे इस शिष्य को उठाकर परम अवस्था तक पहुंचा देना है तो फिर भले ही शिष्य में कितने ही विकार हों, गुरू सीधे उसे ध्यान के महासागर में उतार देता है, परन्तु इसके लिए आवश्यक है, कि गुरू से पूर्ण प्रेम हो।

शिष्य धर्म

- जो व्यक्ति **स्वयं** का सम्मान करता है, वही मात्र दूसरों से सुरक्षित है, क्योंकि उसने एक ऐसा **अभेद्य कवच ओढ़** रखा है, जिसे कोई हानि नहीं पहुँचा सकता।

- गुरू क्या करते हैं, इस बात पर शिष्य को ध्यान नहीं होना चाहिये। श्रेष्ठ शिष्य वही है जो कि गुरू कहते हैं, वह करे। जो कुछ करते हैं, गुरू करते हैं, यह सब **क्रिया कलाप** उन्हीं की **माया** का हिस्सा है, मैं तो मात्र उनका दास, एक निमित्त मात्र हूं, जो यह भाव अपने मन में रख लेता है वह **शिष्यता** के उच्चतम सोपानों को प्राप्त कर लेता है।

- **गुरू** से बढ़कर न **शास्त्र** है न **तपस्या**, गुरू से बढ़कर न **देवी** व देव और न ही **मंत्र जप** या **मोक्ष**। एक मात्र **गुरूदेव** ही **सर्वश्रेष्ठ** हैं।

न गुरोरधिकं न गुरोरधि के न गुरोरधिकं न गुरोरधिक

शिव शासनतः शिव शासनतः शिवन शासनतः, शिव शासनतः

- जो इस **वाक्य** को अपने मन में बिठा लेता है, तो वह अपने आप ही शिष्य शिरोमणि बन कर गुरूदेव का अत्यंत प्रिय हो जाता है। गुरू जो भी आज्ञा देते हैं, उसके पीछे कोई रहस्य अवश्य होता है। अतः शिष्य को बिना किसी संशय के गुरू की आज्ञा का पूर्ण तत्परता से, अविलम्ब पालन करना चाहिये, क्योंकि शिष्य इस जीवन में क्यों आया है, इस युग में क्यों जन्मा है, वह इस पृथ्वी पर क्या कर सकता है, इस सबका ज्ञान केवल **गुरू** ही करा सकता है।

- शिष्य को न तो **गुरू-निंदा** करनी चाहिये और न ही निंदा सुननी चाहिये। यदि कोई गुरू की **निंदा** करता है तो शिष्य को चाहिये कि या तो अपने **वाग्बल** अथवा **सामर्थ्य** से उसको परास्त कर दे, अथवा यदि वह ऐसा न कर सके, तो उसे ऐसे लोगों की **संगति त्याग** देनी चाहिये। गुरू-निंदा सुन लेना भी उतना ही दोषपूर्ण है, जितना कि गुरू निंदा करना।

- **गुरू** की कृपा से **आत्मा** में **प्रकाश संभव** है। यही **वेदों** में भी कहा है, यही समस्त **उपनिषदों** का सार निचोड़ है। शिष्य वह है, जो गुरू के बताये मार्ग पर चलकर उनसे **दीक्षा लाभ** लेकर अपने जीवन में **चारों पुरूषार्थ- धर्म, अर्थ, काम** और **मोक्ष** को प्राप्त करता है।

दालचीनी – उपयोगी औषधि भी

दालचीनी एक मझले कद का हरा-भरा वृक्ष होता है जो हिंद महासागर के लंका, जावा, सुमात्रा, मलाबार, कोचीन आदि टापुओं में अधिकता से पाया जाता है, इसके पत्ते सुगंधित, चिकने, चमकीले, लंबगोल और बड़े होते हैं, इन पर 3 से 5 तक रेशे होते हैं, फूल भूरे रेशम के समान कोमल नन्हें-नन्हें होते हैं और फल करौंदे के समान नीलापन लिये लालरंग के होते हैं।

दालचीनी वृक्ष की 'छाल' को ही 'दालचीनी' कहते हैं जो मसाले के रूप में प्रयोग की जाती है। जब इसका वृक्ष तीन साल का हो जाता है तो इसकी छाल को निकालकर धूप में सुखा दिया जाता है और लंबी-लंबी जूड़ियां बांध दी जाती हैं।

दालचीनी की कई किस्में होती हैं जिनमें मुख्य तीन हैं-

चीनी दालचीनी- इसकी छाल चीन से यहां आयात की जाती है, इसकी जूड़िया बंधी होती हैं, इसके टुकड़े फीके खाकी रंग के और तेलयुक्त होते हैं, इसमें से तेल भी निकाला जाता है और औषधि के काम में भी आता है।

तज- तज दालचीनी के वृक्ष भारत में अधिक होते हैं, इसकी छाल बहुत मोटी होती है, इसका प्रयोग सिर्फ औषधि के रूप में होता है।

सिंहलद्विपी दालचीनी- यह लंका से आती है, यह दालचीनी पीली, लाल और भूरे रंग की तेज सुगंध वाली होती है, इससे भी तेल निकाला जाता है और औषधि कार्य में भी ली जाती है।

आजकल बाजार में मिलने वाली पतली छाल की जो दालचीनी होती है वह ज्यादा सुगंध वाली, तेज और उत्तम होती है, इसी दालचीनी का उपयोग मसाले या औषधि के रूप में करना चाहिये।

नाम तथा गुणधर्म

दालचीनी को संस्कृत में **दारूसिता** कहते हैं, और अंग्रेजी में **सिनेमनबार्क(Cinnamon Bark)** कहते हैं जबकि इसका लैटिन नाम **सिन्नेमोमाई जिलानिकम(Cinnamomy Jilenicum)** है।

मोटी दालचीनी कटु, मधुर, तिक्त, उष्णवीर्य, लघु, रूक्ष, पित्त को बढ़ाने वाली होती है। यह कफ, वायु, खुजली, आम(अपक्व रस) तथा अरूचि का नाश करने वाली एवं हृदयरोग, मूत्राशय के रोग, अर्श, कृमि, पीनस को मिटाने वाली और वीर्यहारक है।

पतली दालचीनी मधुर, कड़वी, तीखी, सुगंधित, वीर्यवर्द्धक शरीर के रंग को निखारने वाली एवं वायु-पित्त, मुखशोष और प्यास को मिटाने वाली होती है।

दालचीनी के वृक्ष की छाल, पत्ते और जड़ से तेल निकाला जाता है। इसमें से दालचीनी की छाल का तेल उत्तम होता है। इसके तेल को **सिनेमन आयल(Cinnamon Oil)** कहते हैं। इसका तेल नया होने पर पीलापन लिये हुए और पुराना होने पर पीला होता है। यह गरिष्ठ और पानी में डालने से डूब जाता है।

दालचीनी का तेल **वेदनास्थापक, व्रणशोधक और व्रणरोपण होता है।** औषधि के रूप में इसका उपयोग होता है। यह ग्राही, अग्निमांद्य, वात, आध्मान(पेट की गैस) वमन, उत्क्लेश और दांत का दर्द आदि रोगों को दूर करने वाला होता है।

चिकित्सा वैज्ञानिकों का मानना है कि दालचीनी अत्यंत उपयोगी **सुगंधित औषधि** है। यह **उष्ण, दीपन, पाचन, वातहर, स्तंभन, गर्भाशय-उत्तेजक, गर्भाशय संकोचक, रक्त में स्थित श्वेत कण बढ़ाने वाली और शरीर में उत्तेजना पैदा करने वाली है।** यह **जंतुनाशक** है तथा **काला ज्वर, टायफाइड एवं अन्य संक्रामक रोगों** का नाश करती है। यह हृदय उत्तेजक, हृदय को पुष्ट करने वाली तथा निद्रा लाने वाली है।

बहुत हितकारी है दालचीनी का तेल

दालचीनी का **तेल खाने** से आमाशय की श्लेष्म त्वचा को उत्तेजना मिलती है, जिससे भूख बढ़ती है और पेट के अन्दर उष्णवीर्य होने के कारण यह पेट के अन्दर वायु पैदा नहीं करती और पूर्व संचित वायु को निकाल कर बाहर करती है। इसलिए आमाशय के रोगों में इसका प्रयोग विशेष रूप से किया जाता है। **पेट फूलना, मरोड़ और उल्टी** को रोकने के लिये इसका तेल दिया जाता है।

अतिसार, जीर्णातिसार और ग्रहणी रोग के लिये दालचीनी का तेल रामबाण औषधि है। दवा के रूप में इसे देने से दस्त की मात्रा कम हो जाती है और पाचन-नलिका की शक्ति बढ़ती है। दालचीनी के क्वाथ से आंत के रोगों में अच्छा लाभ होता है। क्षय और क्षयजन्य रोगों में इसका तेल अच्छा प्रभाव दिखाता है। फुफ्फुस या गर्भाशय द्वारा हुए रक्तस्राव में इसके उपयोग से उत्तम लाभ होता है। **कीड़ों द्वारा** खाये दांत के छेद में इसके तेल को रूई फाहा में लगाकर उस छेद में रखने से दांत के समस्त कीड़े नष्ट हो जाते हैं और **दर्द** दूर हो जाता है।

- दालचीनी के तेल को तिल के साथ मिलाकर हैजे में या अन्य प्रकार की बेहोशी में **(शरीर क्षीण हो जाने या ठंडा हो जाने पर)** मलने से गर्मी आती है और शरीर चेतनायुक्त बनता है।
- दो से तीन बूंद दालचीनी का तेल एक कप पानी में मिलाकर पीने से इंफ्लूएंजा, जिह्वास्तंभ, आंत्रशूल, हिचकी, उल्टी आदि में लाभ होता है।
- दालचीनी का तेल या अर्क लेने से पेट का दर्द दूर होता है।
- दालचीनी का तेल या काढ़ा लेने से कष्टार्तव में आराम मिलता है।
- सिरदर्द होने पर दालचीनी का तेल या अर्क लगाने से दर्द दूर होता है और सर्दी से भी राहत मिलती है।
- वातरोग में दालचीनी के तेल की मालिश करने से आराम मिलता है।

दालचीनी का औषधीय प्रयोग

दस्त - 4 ग्राम दालचीनी और 4 ग्राम कत्था दोनों को एक साथ पीसकर 250 ग्राम गर्म पानी में डालकर ढंक दें। दो घण्टे बाद इसको छानकर 2 बार में पी लें, पतली दस्त बंद हो जाती है।

कब्ज - सोंठ, दालचीनी और छोटी इलायची के बीज का आधा-आधा ग्राम चूर्ण लेकर एक साथ मिलाकर भोजन से एक घंटा पूर्व लेने से कब्ज दूर होती है और भूख बढ़ती है।

जुकाम - दालचीनी, काली मिर्च और अदरक का काढ़ा पीने से जुकाम से राहत मिलती है।

आमातिसार - दालचीनी डेढ़ ग्राम, बेल फल का गर्भ 3 ग्राम और राल डेढ़ ग्राम लेकर चूर्ण बनाइये। यह चूर्ण गुड़ और दही के साथ मिलाकर लेने से दर्दयुक्त आमातिसार में शीघ्र लाभ होता है।

इंफ्लूएंजा - दालचीनी 4 ग्राम, लौंग आधा ग्राम, सोंठ डेढ़ ग्राम लेकर इनको एक लीटर पानी में काढ़ा बनाये, जब एक चौथाई जल रह जाये तो उतार कर छानकर पीये। इसी तरह दिन में तीन बार पीये, इसमें इंफ्लूएंजा में बहुत लाभ होता है।

खांसी - दालचीनी 4 ग्राम, सौंफ 2 ग्राम, मुलेठी 2 ग्राम, बीज रहित मुनक्का 4 ग्राम, मीठी बादाम मगज 10 ग्राम, कड़वी बादाम की मगज 4 ग्राम, शक्कर 4 ग्राम। इन सबको पीसकर 3-3 रत्ती की गोलियां बना लें, इन गोलियों को चूसने से खांसी शांत होती है।

बच्चों में डालें सफाई की आदत!!

कुछ अहम आदत अगर बचपन से ही बच्चे सिखे तो वे अपने जीवन मे आने वाली बीमारीयों से बच सकते हैं। जैसे:-

- सुबह उठने के बाद व रात को सोने से पहले BRUSH व हाथ मुँह अच्छे से धोकर सोना ।
- कुछ भी खाने से पूर्व व खाने के बाद अच्छे से हाथ धोना व अपने खाने के बरतन सही स्थान पर रखना व धोना।
- रोज कम से कम एक बार जरूर नहाना।
- समय-समय पर नाखून व बाल कटवाना।

इसी प्रकार अगर हम इन अहम बातों का ज्ञान व सीख छोटी उम्र से ही बच्चों में विकसित करते हैं तो यह बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये श्रेष्ठकर रहेगा। स्वच्छता को एक अच्छी आदत के रूप में अपनाना होगा। स्वच्छता केवल स्वयं तक सीमित नहीं है अपितु स्वयं, कार्यस्थल, घर, SCHOOL व हमारे रोजमर्रा के जीवन में आने वाली हर चीज स्वच्छ रखनी चाहिये। इसे जीवन का अभिन्न (INSEPERAPOACE) अंग बनाना चाहिये।

स्वस्थ्य रहो- मस्त रहो।

वराहमिहिर वचन

फरवरी माह के प्रत्येक दिवस को अनुकूल व सफलता युक्त बनाने के उपाय......!

01. **मौनी अमावस्या** इस दिन सरोवर, कुण्ड के जल से स्नान कर सूर्य को अर्घ्य दें।

02. **गुप्त नवरात्रि** कलश स्थापन **8:34AM** से **09:59AM**, **तंत्र दोष बाधा निवारण दीक्षा** **न्यौ.₹2100**

04. गणेश संकट चतुर्थी इस दिन 11 सुपारी गणेश जी के समक्ष चढ़ाये।

05. वसंत पंचमी इस दिन **महासरस्वती** का पाठ करे व बच्चों को **ज्ञान सरस्वती चेतना दीक्षा** दिलवायें। **न्यौ.₹1600**

08. **भीष्माष्टमी** इस दिन घर की महिला और बेटियों को चांदी का उपहार दें, **'दरिद्रता नाशिनी महादुर्गा दीक्षा'** **न्यौछावर₹2100**

12. जया एकादशी, पैतृक सम्पति संबंधित विवाद हेतु **विष्णु जया संकंट निवारण दीक्षा** लें **न्यौ.₹1600**

13 शुक्ल पक्ष प्रदौष व्रत, कुंभ संक्रांति इस दिन कुंभ स्नान का विशेष महत्त्व है। जिन साधकों को पदोन्नति, राजनितिक पद की इच्छा है वे इस दिन **राज्यभिषेक पद उन्नति दीक्षा** लें। **दीक्षा न्यौ.₹2100**

14. **विश्वकर्मा जयन्ती** इस दिन कारीगर अपने औजार की पूजा करते है व वास्तुदोष निवारण के लिये यह उचित दिन है। **वास्तुदोष निवारण साधना** **दीक्षा न्यौ.₹700**

16. **ललिताम्बा जयन्ती** तांत्रिक चेतना और ऊर्जा के लिये साधक **माँ ललिताम्बा** की दीक्षा लें। **दीक्षा न्यौ.₹1600**

19. **छत्रपति शिवाजी जयन्ती** हिन्दु एवं मराठा समाज के लिये **गौरवशाली दिवस।**

20. विनायक सकंट चतुर्थी इस दिन भगवान गणपति को प्रसाद अर्पित करें व **संकंट निवारण रिद्धि-सिद्धि दीक्षा** ग्रहण करें। **दीक्षा न्यौ.₹1600**

21. इस दिन घर में विशिष्ट गुरू पूजन, साधना का आयोजन करें।

22. यशोदा जयन्ती इस दिन मातायें अपने बच्चों की लम्बी आयु के लिये व्रत करें, गर्भ हत्या के प्रायश्चित हेतु अनाथ बच्चों को भोजन करायें।

23. कालाष्टमी-बच्चों को अगर बार-बार नजर लगती है तो 21 बार सर पर सरसों के दानें घुमा कर अग्नि में प्रज्जवलित करें। इसके निवारण हेतु **नजरदोष बाधा दीक्षा** लें। **दीक्षा न्यौ.₹2100**

24. **जानकी जयन्ती**, माँ सीता की भांति ज्ञानी, पतिव्रता पत्नी पाने हेतु पुरूष व्रत करें व **सुयोग्य वधु प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें। **दीक्षा न्यौ.₹2100**

27. विजयाएकादशी इस दिन एकादशी का व्रत कर पितरों की शांति व गृहक्लेश निवारण हेतु उत्तम दिवस है। **पितृ कुयोनी दोष निवारण दीक्षा** व **पितृ मोक्ष प्राप्ति दीक्षा** लें। **दीक्षा न्यौ.₹1600**

28. **सोम प्रदोष** पर भगवान शिव को शंख से जलाभिषेक करने से अकाल मृत्यु का निवारण होगा। इस हेतु **अकालमृत्यु निवारण दीक्षा** ग्रहण करें। **दीक्षा न्यौ.₹1600**

काल निर्णय

ब्रह्म मुहूर्त का समय प्रातः 4:24 से 6:00 बजे तक ही रहता है।

दिवस	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
फरवरी	20, 27	21, 28	15, 22	16, 23	17, 24	18, 25	19, 26
मार्च	06, 13	07, 14	01, 08, 15	02, 09	03, 10	04, 11	05, 12
श्रेष्ठ समय दिन	07:36से10:00	06:00से10:48 01:12से03:36 03:36से06:00	06:00से07:36 10:00से10:48 12:24से02:48	06:48से08:24 08:24से11:36	06:00से06:48 10:48से12:24 02:48से06:00	09:12से10:30 12:00से12:24 02:00से06:00	10:48से02:00 05:12से06:00
श्रेष्ठ समय रात	07:36से09:12 11:36से02:00	08:36से11:36 02:00से03:36	08:24से11:36 02:00से03:36	06:48से10:48 02:00से04:24	10:00से12:24	08:24से10:48 01:12से02:00	08:24से10:48 12:24से02:48 04:24से06:00

समावर्तन संस्कार

समावर्तन का अर्थ है, गुरू के घर से अपने घर लौट आना– **तत्र समावर्तन नाम वेदाध्यनानन्तरं गुरूकुलात् स्वगृहागमनम्।** **हिन्दू धर्म संस्कारों** में यह **द्वादश संस्कार** है, इसे **विद्याध्ययनं** पूर्ण होने पर किया जाता है।

समावर्तन संस्कार के बारे में **ऋग्वेद** में लिखा गया है कि–

युवा सुवासाः परिवीत आगात् स उ श्रेयान् भवति जायमानः।
तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यों उ मनसा देवयन्तः।।

अर्थात् **युवा पुरूष** नये वस्त्रों को धारण कर **ब्रह्मचर्य** का पालन करते हुए **विद्याध्ययन** के पश्चात **ज्ञान के प्रकाश** से प्रकाशित होकर जब **गृहस्थ आश्रम** में प्रवेश करता है तो वह प्रसिद्धि प्राप्त करता है। वह **धैर्यवान, विवेकशील, बुद्धिमान, ध्यान** और **ज्ञान** का प्रकाश जो उसके मन में होता है उसके बल पर **उच्च पदों** पर आसीन होता है।

यह संस्कार **ब्रह्मचर्य व्रत जीवन** की **समाप्ति** की सूचना देता है। मनुष्य के जीवन में शिक्षा पूर्ण कर लेने का समय बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। यही वह समय है जब व्यक्ति के आगामी जीवन की रूपरेखा निर्धारित होती है। इस संस्कार के साथ ब्रह्मचर्य आश्रम समाप्त हो जाता है। प्राचीन समय में इस संस्कार का स्वरूप कुछ इस प्रकार था– विद्याध्ययन समाप्त कर लेने पर शिष्य को **गुरू** अनुशासित करता था। तब शिष्य अपने ब्रह्मचारी जीवन को समाप्त करने की आज्ञा मांगता था, गुरू दक्षिणा अर्पित करता था। गुरू से अनुमति मिलने पर स्नान सम्पन्न होता था। इसके लिये वेद मंत्रों से अभिमन्त्रित जल से भरे हुये 8 कलशों से विशेष विधिपूर्वक ब्रह्मचारी को स्नान कराया जाता था। इसलिये यह संस्कार **वेदनान-संस्कार** भी कहलाता है। स्नान करके छात्र अपनी **मेखला, दण्ड, उत्तरीय** आदि को

त्याग देता था और **अंगराग, सुगन्ध, छत्र, जूते, माला, पगड़ी** आदि पहनता था। अब यह ब्रह्मचारी **स्नातक** कहलाता था। छत्र आदि सारी वस्तुये गुरू को भी अर्पित की जाती थी। यह सारी **नवीन वेशभूषा** धारण करके रथ या हाथी पर बैठकर स्नातक प्राय: किसी विद्वत् परिषद के समाने जाता था और गुरू पूरी सभा से **स्नातक** का परिचय कराते थे। उस विद्वत सभा के सम्मुख प्राय: स्नातक अपनी **ज्ञान प्रतिभा** और **विद्या** का परिचय भी देता था। स्नातकों की तीन कोटियां होती थी–

1. **व्रत स्नातक**– जिसने ब्रह्मचर्यव्रत पालन तो किया, किन्तु अपनी विद्या का अध्ययन पूर्ण नहीं कर सका।
2. **विद्या स्नातक**– जिसने विद्याध्ययन तो पूर्ण कर लिया, किन्तु ब्रह्मचर्य व्रत का सम्यक् पालन न कर सका।
3. **विद्या व्रत स्नातक**– जिसने ब्रह्मचर्य और विद्याध्ययन दोनों में पूर्णता प्राप्त कर ली हो, वह **विद्याव्रत स्नातक** कहलाता था और यह **तीनों स्नातकों** में **श्रेष्ठ** होता था।

वर्तमान समय में **समावर्तन संस्कार** समाप्त हो गया है। शिक्षा का सारा स्वरूप ही बदल गया है। अब न गुरूकुल है, न ब्रह्मचारी जीवन है और न ही वेदाध्ययन है। विश्वविद्यालयों में जो **दीक्षांत समारोह(कॉन्वोकेशन)** किया जाता है, उसको समावर्तन संस्कार का प्रतीक माना जा सकता है। समावर्तन संस्कार एक या अनेक शिष्यों का एक साथ भी होता था। प्राचीन समय में इस संस्कार द्वारा **गुरू** अपने शिष्य को **इंद्रियनिग्रह, दान, दया** और **मानव कल्याण** की शिक्षा देकर उसे **गृहस्थ-आश्रम** में प्रवेश करने की **अनुमति प्रदान** करते थे। वे कहते थे **''उतिष्ठ, जाग्रत, प्राप्य वरान्निबोधक...।''** अर्थात् उठो, जागो और छुरे की धार से भी तीखे जीवन के **श्रेष्ठ पथ** को पार करो। दान पुण्य करना, व्यर्थ इच्छाओं का दमन करना, मनुष्यों सहित समस्त प्रकृति व प्राणियों के प्रति **सहानुभूति** की **भावना** रखना ही इस संस्कार का **मूल उपदेश** है।

जन्म पत्रिका

- कुण्डली से व्यक्तित्व लक्षण, वर-वधू मेलापक, रिश्ते-सम्बन्ध, कैरियर, आर्थिक व संतान सुख आदि विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।
- भविष्य के सभी अनुकूल-प्रतिकूल योगों का ज्ञान होता है।
- कुण्डली द्वारा जातक जीवन के सभी सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष से परिचित होता है।
